

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 17 सितंबर, 2025 , बुधवार, वर्ष 10, अंक 328, आश्विन, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2082, पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं

### शुभकामना

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर 2025 को आजाद सिपाही कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 19 सितंबर 2025 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक

# राज्य में 26 हजार शिक्षकों की बहाली जल्द: हेमंत सोरेन

- सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री
- कक्षा 1 से 5 के 170 और कक्षा 6 से 8 के 131 सहायक आचार्यों को मिला नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व कितना है, इससे हम सभी भली-भांति वाकिफ हैं। इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में सहायक आचार्य पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया था, इसी क्रम को आगे बढ़ाते मंगलवार को 301 सहायक आचार्य की नियुक्ति की जा रही है। राज्य में और 26 हजार शिक्षकों के पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। सरकार झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित नव-नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित एवं विज्ञान) तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त प्रशिक्षित सहायक आचार्य गणित और विज्ञान में 131 तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित 170 सहायक आचार्य के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नव-नियुक्त सहायक आचार्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंत्री संजय प्रसाद यादव के अलावा उच्चाधिकारी मौजूद थे।

**निजी विद्यालयों के समरूप संचालित करना प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों का समूह है। आप शिक्षकों की तरफ से बेहतर शिक्षा के लिए कोई सुझाव है, तो वह सरकार को दें। आपके सुझाव पर निश्चित रूप से विचार किया जायेगा।



### शिक्षा के क्षेत्र में हमें अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व के समय में बौद्धिक विकास अलग-अलग माध्यमों से होता था। वर्तमान में हमारे बच्चों के बौद्धिक विकास का रास्ता शिक्षा के माध्यम से होकर जाता है। इसमें भी लगातार नये आयाम जुड़ रहे हैं। एक समय था, जब बच्चे कॉपी की जगह स्लेट उपयोग करते थे। वर्तमान में सभी चीज डिजिटल हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल ब्लैकबोर्ड आने लगे हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ाने के लिए अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ समस्याओं की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में हम अपेक्षित रूप से बहुत आगे नहीं बढ़ पाये हैं। इसलिए हम लोगों ने प्रयास किया है कि क्वालिटी एजुकेशन के लिए जितने भी आयाम जोड़े जा सकते हैं, उन्हें जोड़ा जाये।

### नव नियुक्त सहायक आचार्य के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में कमियां रहेगी तो इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा। आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भरसक प्रयास करते हैं। आप सभी लोगों को सरकार की स्कूलों को चलाने की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। यहां कई चुनौतियां हैं। एक तरफ सरकारी व्यवस्था, दूसरी तरफ निजी विद्यालय। आज शिक्षा के क्षेत्र को आप सभी नव नियुक्त सहायक आचार्य रीढ़ की हड्डी बने, इस हेतु आप सभी का चयन किया गया है। यह बहुत जरूरी है कि हम अपने कर्तव्य का निर्वहन बेहतर ढंग से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी होती है जब सीएम उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ हुआ, तो कई अभिभावक अपने बच्चों का निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूल में करवा रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर झारखंड समेत आठ राज्यों को नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर आठ राज्यों को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद होगी।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)




CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES

Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemisty) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493

Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/








## प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर विशेष

# राम का आदर्श, कृष्ण की नीति, शिव का विषपान, बुद्ध की करुणा, महावीर के तप का समागम हैं नरेंद्र दामोदरदास मोदी

- 21वीं सदी में मां भारती के मंदिर को गढ़ने
- उसमें स्थापित 140 करोड़ जनता जनार्दन की सेवा करने
- ईश्वर ने नये शिल्पी को भारत की पुण्य धरा पर भेजा
- जिसे दुनिया नरेंद्र मोदी के नाम से जानती है
- सशक्त, सनातन और विकसित भारत के ध्वजवाहक नरेंद्र मोदी


बाबूलाल मरांडी

आज 17 सितंबर देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है। कहा जाता है कि जिन्होंने देवताओं के आवश्यक अस्त्र-शस्त्र बनाये, अनेक बड़े मंदिरों के निर्माण किये। लेकिन आज की 21वीं सदी में मां भारती के मंदिर को गढ़ने, उसमें स्थापित 140 करोड़ जनता जनार्दन की सेवा करने के लिए ईश्वर ने नये शिल्पी को भारत की पुण्य धरा पर भेजा, जिसे दुनिया नरेंद्र मोदी के नाम से जानती है।

### मात्र 8 वर्ष की आयु में ही प्रबल राष्ट्रभक्ति प्रस्फुटित हुई

17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में पिता दामोदर दास और माता हीरा बेन के घर में जन्मे पुत्र का नाम रखा गया नरेंद्र। छोटा सा घर, स्टेशन पर पिता जी की चाय दुकान, अभाव और संघर्ष के जीवन के बीच नरेंद्र 8 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आये, जहां नरेंद्र में छुपे सेवा, समर्पण और प्रबल राष्ट्रभक्ति प्रस्फुटित हुई। इधर मां ने अभावों के बीच बेटे में सच्चे संस्कार भरे, तो दूसरी ओर पढ़ाई-लिखाई करते हुए स्टेशन पर चाय की दुकान में पिता का सहयोगी बन समाज और जीवन की सच्चाई समझते रहे। नरेंद्र मोदी के जीवन की लगभग 50 वर्षों की जीवन यात्रा में हिमालय की आध्यात्मिक यात्रा के साथ कुशल सांगठनिक यात्राएं शामिल हैं और फिर 21वीं सदी के प्रारंभ में ऐसे नरेंद्र मोदी का प्रादुर्भाव हुआ, जिसमें राम का आदर्श है, कृष्ण की नीति है, शिव का विषपान है, बुद्ध की करुणा है, महावीर का तप है, आदि शंकराचार्य की सांस्कृतिक एकात्मता है, विवेकानंद का अध्यात्म है, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रखर राष्ट्रवाद है, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय है, गांधी, लोहिया और भीमराव अंबेडकर की समरसता है, भगवान बिरसा मुंडा की क्रांति है।

### मां भारती की बिना रुके, बिना थके सेवा

कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। आपातकाल के खिलाफ भारत की दूसरी आजादी की लड़ाई हो या फिर लाल चौक पर तिरंगा फहराने का पार्टी का संकल्प हो या फिर विभिन्न सांगठनिक दायित्वों का कुशल निर्वहन हो, नरेंद्र मोदी को एक विशिष्ट पहचान दी। भारत की जनता का सौभाग्य है कि 21वीं सदी के उषाकाल 2001 से 2014 के मध्य तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में विकास के साथ विरासत को साकार करने वाले नरेंद्र मोदी जी पिछले 11 वर्षों से मां भारती की बिना रुके, बिना थके सेवा कर रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे हनुमान जी ने कहा था.... राम काज किन्हें बिना मोहि कहां विश्राम।

### सबका साथ सबका विकास, केवल नारों में नहीं, व्यवहारों में भी

60 वर्षों के कांग्रेस शासन की याद जनता भूली नहीं है। देश विभाजन की विभीषिका, लोकतंत्र की हत्या से लेकर तुष्टीकरण का तांडव। आकंठ भ्रष्टाचार, घोटालों में आकाश, पाताल सब निगल गये। राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगाये गये, राम सेतु के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा। अंबेडकर, सरदार पटेल सब अपमानित हुए और आतंकवादी सम्मानित होने लगे। राष्ट्रविरोधी शक्तियों का मनोबल बढ़ा, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बढ़ा। परंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का भारत बढ़ता भारत-बदलता भारत है, स्वाभिमानी भारत है, जिसने आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा दिया है। आज शुभ संकल्प तेजी से सिद्धि को प्राप्त कर रहे। आज भारत कहता है और दुनिया सुनती है। विश्व में बदलाव की अगुवाई भारत कर रहा है। सबका साथ सबका विकास केवल नारों में नहीं, बल्कि व्यवहारों में उतर रहा। आज तुष्टीकरण नहीं, सशक्तिकरण पर बल है। गांव, गरीब, किसान, जवान और विज्ञान विकास के केंद्र बिंदु हैं। भारत के इतिहास में पहली बार ऐसे बदलाव हो रहे, जिसमें स्वच्छता अभियान भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना चंद्रयान की यात्रा। हर घर शौचालय भी बन रहे, तो विश्व के सबसे ऊंचे पुल भी बन रहे। हाइवे के साथ ग्रामीण सड़कें भी बन रहीं। गरीबों के आवास भी बन रहे। जनधन खातों में 100 पैसे पूरी तरह पहुंच रहे। 80 करोड़ लोगों के लिए खाद्यान्न की सुरक्षा है। आयुष्मान योजना ने गरीबों के इलाज को सुनिश्चित किया है। स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया ने रोजगार और आत्मनिर्भरता को नये पंख दिये हैं।



### एक गरीब आदिवासी घर की बेटी राष्ट्रपति बनी

आज महिला सशक्तिकरण ने मूर्त रूप लिया है। संसद से पारित 33% आरक्षण को कानून का रूप देने वाली बतौर राष्ट्रपति एक गरीब आदिवासी घर की बेटी बनी। आज संविधान में वर्णित समरस समाज की मूल भावनाएं धरातल पर उतर रहीं। आदिवासी, दलित, पिछड़े विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहे। समाज के उस तबके को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जा रहा, जिसे कभी पूछा नहीं जाता था। प्रतिभाएं पहचान की मोहताज रहती थीं। सामाजिक राजनीतिक जीवन में आज ऐसे वर्गों की भागीदारी बढ़ी है। आज विकास की भव्य इमारत को विरासत की मजबूत नींव पर खड़ा किया जा रहा। धारा 370 की समाप्ति ने राष्ट्रीय एकात्मता को मजबूत किया, वहीं अयोध्या में 500 वर्षों के संघर्ष को साकार करते हुए भव्य राम मंदिर ने भारत की सांस्कृतिक चेतना को जागृत किया। योग दिवस ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को नयी ऊंचाई दी। आज विदेशी राजकीय मेहमान को ताजमहल की भेंट नहीं मिल रही, बल्कि विश्व बंधुत्व की सोच को बढ़ाने वाले ग्रंथ गीता दिये जा रहे। आज का भारत 'फ्रेजल फाइव' का भारत नहीं, बल्कि विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का भारत है, जो निकट भविष्य में तीसरे पायदान पर पहुंचने वाली है। गोली का जवाब गोलों से देने की क्षमता रखने वाला भारत दुश्मन के घर में घुसकर जवाब दे रहा। परमाणु धमकियों से बेपरवाह भारत प्रतिबंधों की धमकी से भी नहीं डर रहा। आज का भारत वही तय कर रहा, जो भारत के हित में हो। लेकिन विश्व का अहित भी नहीं। विश्व कल्याण और क्षमाशील होने की बात वही कर सकता है, जो स्वयं ताकतवर हो।

### देश के आत्म सम्मान से कोई समझौता नहीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ऐसे भारत को मूर्त रूप देने का सपना संजोया है, जिसमें आत्म सम्मान से कोई समझौता नहीं। वैसा विकसित भारत, जिसमें सबके हाथों में अवसर हो, सबकी सहभागिता हो, कोई अभावग्रस्त नहीं हो। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जनजाति समाज तेजी से विकास की मुख्यधारा में जुड़ रहा। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय पहचान मिली। 15 नवंबर अब राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस बन गया। पीएम जन मन योजना ने जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास को मजबूती प्रदान की है। अपने 11 वर्षों के यशस्वी कार्यकाल में प्रधानमंत्री जी ने झारखंड को दिलों में बसाया है। राज्य में एम्स की स्थापना, आइआइटी, आइआइएम, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट निर्माण के साथ हाइवे, रेलवे, गंगापुल निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत मोदी जी ने झारखंड की धरती से की है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर जाने वाले वे भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में झारखंड के जनजाति समाज के प्रति उनके प्रेम को भुलाया नहीं जा सकता।

### रामकाज पूर्ण बिना विश्राम नहीं करने का संकल्प

आज प्रधानमंत्री जी भले ही उम्र की 75वीं सीढ़ी को पार कर रहे हैं, लेकिन भारत की जनता उनमें हनुमान की ताकत देख रही है, जिन्होंने रामकाज किये बिना विश्राम नहीं करने का संकल्प लिया है। आज भारत के नर नारायण की सेवा ही रामकाज है। मां भारती को परम वैभव तक पहुंचाना ही रामकाज है। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत का निर्माण ही रामकाज है। आज 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर झारखंड की समस्त जनता की ओर से मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उन्हें स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। उम्मीद ही नहीं, विश्वास है कि ईश्वर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न साकार करायेंगे।

***(लेखक झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं।)***

---

**आजाद सिपाही की खबर का असर**

# प्रशासन ने शुरू कराया कोरवा समुदाय की बच्ची का इलाज

**परिवार खुश, बीडीओ ने परिवार को राशन कार्ड समेत अन्य सुविधाएं देने का दिया निर्देश**

**आदर्श कुमार चंचल**




मेरी रोशनी बचा लो : महुआडांड़ की 13 वर्षीय असिता की आंखों की रोशनी जा रही है, पहल करे सरकार

आदिम जनजाति की कोरवा समुदाय की बच्ची के ईलाज में बाधा बन रही गरीबी

- एक आंख जन्म के कुछ ही दिन बाद खराब, दूसरे की जा रही रोशनी, एक्सपर्ट बोले बच सकती है रोशनी
- परिजनों ने 'आजाद सिपाही' के माध्यम से सरकार से लगायी मदद की गुहार

**गारू (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ अनुमंडल की अक्सी पंचायत अंतर्गत तिसिया (टोला खूंटीकरम ) की रहने वाली असिता का इलाज शुरू हो गया है। आजाद सिपाही ने मंगलवार को 'आदिम जनजाति की कोरवा समुदाय की बच्ची के इलाज में बाधा बन रही गरीबी' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसमें 13 साल की असिता की आंखों की रोशनी जाने की बात थी। खबर प्रकाशन के बाद बीडीओ संतोष बैठा ने प्रभारी चिकित्सक अमित खलखो को असिता के इलाज एवं समुचित देखभाल करने का निर्देश दिया और पंचायत सेवक जगेश्वर उरांव को मॉनिटरिंग का जिम्मा सौंपा। इसके बाद मेडिकल टीम असिता को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड ले गयी, जहां डॉ विनीत मुकेश एवं नेत्र सहायक संजू कुमारी ने असिता की जांच की। चिकित्सकों ने बताया कि आंखों का अल्ट्रासाउंड होने के बाद ही बीमारी का पता चलेगा। तब इलाज की रूपरेखा तय की जायेगी। महुआडांड में आंखों की अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने के कारण बच्ची को सदर अस्पताल भेजा गया।

**परिवार से मिले एमओ, राशन कार्ड और दूसरे लाभ देने की पहल की :** इधर एमओ सुमित कुमार सिन्हा ने भी पीड़ित परिवार एवं असिता से मिलकर राशन कार्ड एवं आधार कार्ड बनवाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की पहल शुरू कर दी है। राशन कार्ड एवं आधार कार्ड नहीं बनने के कारण असिता का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है। इसके कारण इलाज में कठिनाई हो सकती है। हालांकि विशेष परिस्थिति में आदिम जनजाति परिवारों को आयुष्मान कार्ड बिना आवेदन स्वतः उपलब्ध होता है।

### परिवार ने बीडीओ और आजाद सिपाही का जताया आभार

खबर छपने के बाद हुए असिता के इलाज की पहल से खुश मां रीना देवी, दादा शिवबरत कोरवा, चाचा सुदेश्वर कोरवा, बुद्धेश्वर कोरवा, चाची ज्योति देवी समेत गांव के अन्य लोगों ने बीडीओ एवं आजाद सिपाही परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज से पहले कई लोग यहां आये और गये, मगर किसी ने मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया । आजाद सिपाही की पहल से ही यह संभव हो पाया।

### क्या कहा स्थानीय लोगों ने

इधर बरवाडीह पूर्वी के जिला परिषद सदस्य सह विद्युत विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि कन्हाई सिंह ने कहा कि वह पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे एवं दिशा की बैठक में भी इस विषय को रखेंगे। बरवाडीह पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, इरा जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, समाजसेवी मनोज मेहता ने भी मामले पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक्स पर ट्वीट कर पूरे मामले की जानकारी दी है।

Ministry of Health and Family Welfare
Government of India


संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड


हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

अभियान का राज्यस्तरीय
## शुभारंभ

#SwasthNariSashaktParivar

दिनांक: 17 सितंबर 2025
समय: पूर्वाहन 11:45 बजे से
स्थान: सदर अस्पताल, रांची

मुख्य अतिथि

**श्री संतोष कुमार गंगवार**
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

के कर कमलों द्वारा

### अभियान की गतिविधियाँ

**सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा जाचं और स्वास्थ्य सेवाएं**
- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जाँच
- कैंसर-मुख/स्तन/ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जाँच
- टीकाकरण सेवाएँ
- एनीमिया का स्तर
- टेलीमानस सुविधाएँ
- टीबी जाँच
- सिकल सेल एनीमिया
- विशेष परामर्श

**नागरिकों की सक्रिय भागीदारी**
- रक्तदान शिविर
- निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण
- अंगदान पंजीकरण

**स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य के मानको को बनाए रखना**
- चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
- स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
- मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
- टेक होम राशन (THR) का वितरण

**स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच आसान बनाने के लिए**
- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- पोषण टैंकर में लाभार्थियों का पंजीकरण

P.R. 362141 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

unicef
for every child


हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "स्वच्छोत्सव" स्वच्छता ही सेवा - 2025

## राज्य स्तरीय शुभारंभ

**श्री योगेन्द्र प्रसाद**
माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

दिनांक: 17 सितम्बर - 02 अक्टूबर 2025 | स्थान : साड़म, गोमिया, बोकारो, झारखण्ड

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्तर पर "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का आयोजन आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ संयुक्त रूप से दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस अभियान का मुख्य थीम (विषय) "स्वच्छोत्सव" रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदलना है जिससे कि लोग सामुहिक रूप से अपने-अपने टोलों / गाँवों में स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की दिशा में अपनी भूमिका को निभायें।

"स्वच्छता ही सेवा - 2025" अभियान के क्रम दिनांक 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर, 2025 तक विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस क्रम में दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को एक साथ राष्ट्रव्यापी स्वच्छता श्रमदान "एक दिन, एक घण्टा, एक साथ" कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया गया है, जिसमें सभी लोगों के सहयोग की अपेक्षा है एवं 02 अक्टूबर, 2025 को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। अभियान में सभी विभागों यथा पंचायती राज, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नगर विकास एवं आवास, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं अन्य विभागों की सहभागिता रहेगी।

**यह अभियान पाँच प्रमुख केंद्रित गतिविधियों के आधार पर आयोजित किया जाएगा:-**

**कचरे के ढेर की साफ-सफाई :-** ग्राम स्तर पर कचरो के ढेर / स्थानों की पहचान / चिन्हितीकरण करते हुए समयबद्ध तरीकों से उसे विशेष रूप से सफाई करना।

**सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई :-** ग्राम स्तर पर विभिन्न संस्थानों / प्रतिष्ठानों / जल स्रोतों और अधिक आवाजाही वाले स्थानों की साफ-सफाई।

**सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन :-** सफाई / स्वच्छताकर्मी के लिए विशेष स्वास्थ्य जाँच शिविर तथा कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु एकल खिड़की द्वारा स्वास्थ्य और कल्याणकारी शिविर का आयोजन करना।

**स्वच्छ हरित उत्सव का आयोजन :-** पर्यावरण अनुकूल और शून्य अपशिष्ट संबंधित गतिविधियाँ।

**स्वच्छता हेतु विशेष जन-जागरुकता गतिविधि का आयोजनः-** सुजल स्वच्छ गाँव, कचरे से कला, स्वच्छ स्ट्रीट फूड, 3R (Reduce, Reuse and Recycle) के सिद्धान्त पर विशेष जन-जागरुकता संबंधित गतिविधियाँ।


**जय झारखण्ड**

P.R. 362189 (Drinking Water and Sanitation) 25-26

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार







# 75 वें जन्मदिन

के अवसर पर आदरणीय
## नरेंद्र मोदी जी
को हार्दिक बधाई



**सन्नी टोप्पो**
युवा भाजपा नेता

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी सिपाही को दो साल कारावास की सजा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शादी का झांसा देकर सिपाही द्वारा अपने ही विभाग की महिला पुलिसकर्मी से यौन शोषण किये जाने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला और सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की कोर्ट ने आरोपी अभिमन्यु कुमार, 34 वर्ष, पिता- अर्जुन प्रसाद थाना- मुफस्सिल, जिला- हजारीबाग निवासी को 493 आइपीसी के तहत तहत दोषी पाते हुए दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार रु जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2018 का है। इसे लेकर भुक्तभोगी महिला पुलिसकर्मी ने कोडरमा महिला थाना में मामला दर्ज कराया गया था। इसमें उसने कहा था कि शादी का झांसा देकर अभिमन्यु कुमार ने उसके उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया। जब मैंने कहा कि मैं शादीशुदा हूं, उसके बावजूद उसने कहा कि मैं तुमसे शादी कर लूंगा और मेरे मना करने के बाद भी लगातार यौन शोषण करता रहा। शादी की बात करने पर वह इनकार कर गया। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने कोर्ट से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। जबकि बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। कोर्ट ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 493 आइपीसी के तहत के तहत दोषी पाते हुए दो वर्ष कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## शहर की सड़कों पर उतरा रक्षक सैट टीम



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** ज़िले में अब अपराधियों की खैर नहीं है। अपराध नियंत्रण और नशामुक्त समाज की दिशा में पुलिस की कड़ी पहल जारी है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में अब शहर में रक्षक सैट टीम का गठन किया गया है। यह टीम बाइक से शहर की सड़कों पर लगातार सक्रिय रहेगा और अपराधियों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखेगा। हर गली मुहल्ले में इसकी पहुंच होगी। आधुनिक ई बिट सिस्टम स्कैनर से लैस यह टीम न केवल संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखेगी बल्कि हर गतिविधि की प्रोपर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करेगी। पुलिस अधीक्षक ने साफ किया है कि यह टीम चौबीसों घंटे गश्त कर, अपराध पर लगाम लगाने का काम करेगी। हाल ही में ज़िले में अपराधियों ने कई वारदातों को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से अपराधियों को काबू में लिया गया है। अब रक्षक सैट टीम शहर की सड़कों पर निरंतर गश्त कर रही है। एसपी अंजनी अंजन और सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह के देख रेख में मोटरसाइकलों पर सवार जवान, 24 घंटे सक्रिय रहकर अपराधियों में डर पैदा कर रहे और जनता का भरोसा जीत रहे हैं। टीम में दो एसआई गौतम कुमार और कुंदन कुमार टीम के साथ रह रक्षक टीम का हौसला बढ़ा रहे। यह पहल न सिर्फ अपराध पर अंकुश लगाने का प्रयास है, बल्कि एक सुरक्षित और नशामुक्त समाज की दिशा में मजबूत कदम भी है।

## बच्चों के बीच पोशाक का वितरण




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत कोनहारा खुर्द के मेरमगड्डा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र सह नर्सरी स्कूल पार टांड़ आदिवासी टोला मेरमगड्डा में 30 बच्चों के बीच पोशाक और सामग्रीयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया मुन्नी देवी और मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र कुमार शर्मा की मौजूदगी में 30 बच्चों के बीच सरकार द्वारा उपलब्ध जूता, बोतल, बैग, ड्रेस, टंग क्लीनर, टूथ ब्रश, साबुन, नेल कटर आदि का वितरण किया गया। उसी के दौरान मुखिया मुन्नी देवी ने बच्चों और उनके अभिभावक को संबोधित करते हुए कहा की बच्चों का प्रथम पाठशाला घर-परिवार होता है। उसके बाद वर्तमान में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को बैठना, बोलना, खेलना, पढ़ना आदि सिखाया जाता है यहां उपस्थित अभिभावकों से उन्होंने आग्रह किया कि आप अपने बच्चों की प्रगति चाहते हैं तो अभी से ही इन्हें उचित मार्गदर्शन दें, और केंद्र में नियमित रूप से बच्चों को भेजें। इस मौके पर सेविका प्रतिमा देवी, सहायिका नीता देवी, बबून मांझी, दिलीप टुडू, प्रदीप दास, मुन्नी देवी, संजू देवी, नसीमा खातून समेत अन्य उपस्थित थे।

## जेपीएससी टॉपर डीएसपी निधी का अग्रवाल समाज ने किया स्वागत



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जेपीएससी परीक्षा में 18वां स्थान प्राप्त कर डीएसपी बनी निधी अग्रवाल का झुमरीतिलैया में सोहनी देवी संजय लड्ढा के निवास स्थान पर अग्रवाल समाज द्वारा बुके भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी, अग्रसेन जयंती के संयोजक मनोज केडिया और दीपक सिंघानिया ने कहा कि यह पूरे समाज के लिए गर्व की बात है कि निधी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट के कार्य के साथ-साथ कठिन परिश्रम करते हुए पहली ही बार में जेपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता हासिल की। निधी अग्रवाल ने कहा कि पुलिस विभाग में समाज और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कई कार्य किये जा सकते हैं। उन्होंने अपने संघर्ष के अनुभव साझा करते हुए कहा- कहते हैं सपनों का कोई आकार नहीं होता, यदि आपके पास हौसलों के पंख हैं तो आप कोई भी उड़ान भर सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि निधी अग्रवाल महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायी मिसाल हैं और सेवा भावना के साथ समाज के जरुरतमंदों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के नीलेश लड्ढा, मनोज लड्ढा, मारवाड़ी युवा मंच के संयोजक अरविंद चौधरी, श्याम शरण मे आजा रे के संजय नरेडी, बिपुल चौधरी, संतोष लड्ढा, प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा, रुचि लड्ढा, अंजू लड्ढा, रश्मि लड्ढा, आंचल लड्ढा, केशव एवं सारांश उपस्थित थे।

## बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट दी गयी



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर्श विद्या मंदिर तिलोकरी में कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल की टैबलेट उपस्थित 594 बच्चों को खिलायी गयी। विद्यालय के प्राचार्य नीलकंठ बर्णवाल ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कृमियों से बचने के लिए एल्बेंडाजोल की दवा नि:शुल्क खिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार करना है। मौके पर उप प्राचार्य शंभु पांडेय, शिक्षक विकास पांडेय, रामकृष्ण शर्मा, विजय पासवान, शिव पूजन दास, राजकुमार यादव, सीताराम यादव, कैलाश राणा, सुनील यादव, संदीप मोदी, अंजू देवी, गायत्री देवी, संतोषी देवी, राम लखन यादव, मुकेश शर्मा, रंजीत रजक, ममता देवी, ध्रुव यादव, चंदन साव, रेखा देवी, मालती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीएसपी सेंटर से 2.52 लाख रुपये लूटने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

**माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन मैनेजर से भी लूटे थे 56 हजार**

**एक देसी कट्टा, दो बाइक और लूट के 39500 रुपया बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला के कटकमदाग थानान्तर्गत सिरसी दामोडीह में सीएसपी सेंटर और मिडलैंड माइको फाईनेन्स लिमिटेड के कलेक्शन मैनेजर से हुई लूट मामले पर हजारीबाग पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। लूटी हुई राशि सहित लूट कांड में शामिल चार अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने पत्रकार वार्ता कर बताया कि गत 9 जुलाई को कटकमदाग थाना क्षेत्र के डामोडीह सीएसपी सेंटर से करीब 10 बजे सुबह में एक महिला खेलन्ती कुमारी जो सीएसपी सेंटर चलाती थी, उससे देशी कट्टा का भय दिखाकर 2,52,000 लूट लिए थे। साथ ही बैंक के चार एटीएम, तीन पासबुक, दो चेक सेंटर का आई कार्ड और फोन का चार्जर लूट फरार हो गये थे। इसके अलावा 25 जुलाई को कटकमदाग महिला समूह से कलेक्शन कर ला रहे मिडलैंड माइको फाईनेन्स लिमिटेड के कलेक्शन मैनेजर से 56 हजार रूपया की भी लूट हुई थी। इन दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सभी सीसीटीवी फूटेज और तकनिकी साक्ष्यों के सहारे छापामारी की। जिसमें लूट कांड के 4 अभियुक्त अंकित कुमार, प्रवीण कुमार, सुजीत कुमार गिरि और लक्ष्मण कुमार पासवान पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस द्वारा पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने सीएसपी सेंटर लूट कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकारी है। गिरफ्तार अपराधियों के निशानदेही पर लूट कांड में प्रयुक्त 1 देशी कट्टा, अपाची मोटरसाईकिल और 39500 रूपया नगद सहित अन्य वस्तुएं बरामद किया गया है। प्रवीण कुमार पर विभिन्न थानों में चोरी समेत अन्य मामलों में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं, वहीं लक्ष्मण पासवान पर सात और अंकित कुमार पर नौ से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने सभी अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त के नाम

लक्ष्मण कुमार पासवान उर्फ राधे पिता अरुण पासवान ग्राम सुलमी, थाना-कटकमदाग, अंकित कुमार पिता नरेश राम ग्राम- सखिया, थाना मुफस्सिल, प्रवीण कुमार पिता गुमन राम ग्राम कंचनपुर, थाना कटकमसांडी और सुजित कुमार गिरी पिता नकुल गिरी ग्राम- कंचनपुर, थाना कटकमसांडी सभी जिला- हजारीबाग शामिल थे। छापामारी दल में एएसपी अमित कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी प्रशान्त कुमार, पेलावल इंस्पेक्टर शाहिद रजा, कटकमदाग प्रभारी प्रमोद कुमार राय, पुअनि विक्की ठाकुर, पेलावल प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय, पुअनि चितरंजन कुमार, पुअनि जगदीश चन्द्र मुर्मू, पुअनि अजय रजक के अलावा कटकमदाग थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# नक्सली सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश दा का शव लेने पहुंचे परिजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पातीपीरी जंगल में सोमवार अहले सुबह हुई मुठभेड़ में पुलिस ने तीन नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें से एक झारखंड का कुख्यात नक्सली और भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय कमेटी का सदस्य प्रवेश दा उर्फ सहदेव सोरेन भी शामिल था। सरकार ने उस पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था।

मुठभेड़ के बाद सहदेव सोरेन का शव हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गयी। अस्पताल के मर्चरी हाउस में सहदेव सोरेन की पत्नी पार्वती देवी, छोटा भाई टेकलाल सोरेन और दो बेटे शव लेने पहुंचे। इस दौरान उसका बड़ा बेटा मनोज सोरेन और छोटा बेटा भावुक हो गया। बड़ा बेटा मनोज सोरेन ने कहा कि हमें नहीं पता था कि हमारे पिता नक्सली हैं। जब हम छोटे थे, तभी वे हमें छोड़कर चले गये थे। न वे घर आते थे, न ही हमारा उनसे कोई संपर्क था। लेकिन असलियत तब पता चला जब पुलिस पापा को खोजने घर आते थे। सहदेव सोरेन की पत्नी पार्वती देवी ने कहा कि करीब 10 साल पहले मेरे पति घर छोड़कर गए थे, उसके बाद न तो वे लौटे और न ही परिवार से कोई खास बातचीत की। हम लोग मजदूरी करके ही परिवार चला रहे थे।

वहीं सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश दा का छोटा भाई टेकलाल सोरेन ने बताया कि मेरा भाई कुछ वर्षों पहले घर से निकल गया और नक्सली संगठन से जुड़ गया उसके बाद वो कभी घर नहीं आया और न ही फोन करता था लेकिन पुलिस हमेशा खोजबीन करने घर आया करती थी। पुलिस से ही हम सबों को जानकारी मिला कि मेरा बड़ा भाई नक्सली संगठन में जुड़कर कई बड़ी बड़ी घटना को अंजाम दे रहा है। साथ ही यह भी जानकारी मिला था कि उसके ऊपर सरकार ने 1करोड़ की इनामी राशि घोषित की है। वही परवेश दा उर्फ सहदेव सोरेन का बड़ा बेटा मनोज सोरेन ने यह भी बताया कि हमलोगों को जानकारी मारे जाने की कल 12 बजे मिली जब मोबाइल में देखा तब न्यूज चैनल के माध्यम से जानकारी मिली।

वहीं सहदेव सोरेन उर्फ राजकिशोर सोरेन उर्फ प्रवेश दा के परिवार की बात की जय तो उसके परिवार में उसकी पत्नी और दो बेटे थे बड़ा बेटा का नाम मनोज सोरेन, उम्र19 साल जो रांची में रहकर अपनी 12 वी कक्षा की पढ़ाई करता है, वही छोटा बेटा अपनी पढ़ाई गांव के ही सरकारी स्कूल में 8 वीं की पढ़ाई कर रहा है। मंगलवार शाम सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश दा का शव पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मुठभेड़ से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। सहदेव सोरेन लंबे समय से झारखंड-बिहार सीमावर्ती इलाकों में नक्सली गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

## दुर्घटना में युवक की मौत, दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित पचगावां मोड़ के समीप सोमवार देर शाम को हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान रोहित साव (19 वर्ष, पिता जुगेश्वर साव, ग्राम फुलवरिया, थाना नवलशाही) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान कुंदन मेहता (19 वर्ष, पिता श्रीकांत मेहता) और सचिन मेहता (23 वर्ष, ग्राम अरकोसा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक मोटरसाईकिल पर सवार होकर डोमचांच बाजार से फुलवरिया अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पचगावां मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गिर गये। तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक रोहित को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। दो युवकों को तिलैया निजी क्लिनिक ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को स्थिति गंभीर देखते हुए रांची के मेदांता रेफर कर दिया गया है जहां कुंदन की स्थिति नाजुक है। बता दें कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के अरकोसा निवासी सचिन अपने नानी घर फुलवरिया आया था। सचिन फुलवरिया निवासी श्रीकांत मेहता का भांजा है। वहीं मृतक रोहित 2 महीना पहले मुंबई से काम कर के घर आया था।

## घर से हुई जेवरात और नगद की चोरी

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** जिले में चोरी की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। ताजा मामला तिलैया थाना क्षेत्र के गौशाला रोड स्थित शिव शक्ति नगर का है जहां मंगलवार की अहले सुबह एक बंद पड़े घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए गृहस्वामी राजेश कुमार की पत्नी रीना कुमारी ने बताया कि जिस मकान में चोरी हुई है उसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि वे अपने नवनिर्मित मकान के ठीक बगल वाले मकान में अपने पति व बच्चे के साथ किराए पर रहते हैं और वहीं रहकर मकान में चल रहे कार्य की देखरेख भी करती हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे उन्हें अपने मकान में बक्से के गिरने जैसी आवाज सुनाई दी। जिसके पश्चात वे अपने पति के साथ उक्त मकान में जाने के लिए जैसे ही निकले उन्हें एक अज्ञात युवक भागता हुआ दिखाई दिया। इसके पश्चात वे अपने नवनिर्मित मकान पहुंचे और उक्त कमरा, जिसमें उनका बक्सा रखा हुआ था, उसका दरवाजा खोला तो देखा कि बक्सा खुला हुआ था और उसमें रखा सारा सामान जमीन पर बिखरा हुआ था। उन्होंने जांच की तो पाया कि बक्से में रखा सोने का एक चेन, चांदी की एक जोड़ी पायल सहित मजदूरों को देने के लिए रखे हुए 35 हजार रुपए भी गायब थे।

# सैनिक स्कूल तिलैया का मना 63वां स्थापना दिवस

**अतिथियों और छात्रों ने स्कूल को पूर्व शहीद सैन्य छात्रों को दी श्रद्धांजलि**

**विशद आकार वाले राष्ट्र-ध्वज तिरंगा का अत्युच्च ध्वज स्तम पर आरोहण**

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** झारखंड की माटी पर स्थित भारत-वर्ष का गौरव सैनिक स्कूल तिलैया स्वतंत्र भारत के उन पाँच सैनिक स्कूलों में शामिल है, जिन स्कूलों ने आजादी के बादभारत-वर्ष के विकास और स्थायित्व को सशक्त नेतृत्व प्रदान किया है। साथ ही पिछले 62साल से अनवरत भारत माता की सेवा में अपने जाबांज सैन्य-अत्री की खेप देता आ रहा है। मंगलवार को 16 सितंबर को 63वें स्थापना दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रामकिशोर शर्मा (बैच 1965-72 स्कूल संख्या 337, झारखंड सरकार रिटायर्ड), विशिष्ट अतिथि गौतम सामन्ता (स्कूल संख्याः 222) और ऋतुराज उपाध्याय ने 'अमर तिलैयन पर पुष्प-चक्र चढ़ाकर और श्रद्धांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद गया गणमान्य अतिथियों और पूर्व सैन्य छात्रों की उपस्थिति में सैनिक स्कूल तिलैया के संस्थापक प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लेग स्मिथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी और दीप-प्रज्ज्वलन किया गया। स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथमत, मुख्य अतिथि ने विशद आकार वाले राष्ट्र-ध्वज तिरंगा का अत्युच्च ध्वज स्तम पर आरोहण किया। जबकि अंग्रेजी भाषा लैब के उद्‌घाटन और विद्यालय-पत्रिका, विद्यालय टी-शर्ट के अनावरण के साथ सैन्य-छात्रों की अभिव्यक्ति और आंग्ल-भाषागत विकास के अवसर का विस्तार हुआ। कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रथमतः सैनिक स्कूल तिलैया के प्राचार्य कर्नल एस मोहनराव आर ने अपने स्वागत संबोधन में सभी अतिथियों के प्रति शुभ शब्दों में आभार जताया और विद्यालय परिवार को स्थापना दिवस की बधाई दी। प्राचार्य ने पूर्व अव-गण की अभिनव उपस्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पूर्व सैन्य-छात्रों की परम्परा का प्रभाव ही है कि वर्तमान सैन्य-छात्र भी. सैनिक स्कूल तिलैया के चिरन्तन मूल्यों को यथावत अपने हृदय में लेकर चल रहे हैं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में न केवल कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, बल्कि आन जन-मानस के लिए आदर्श कार्य-प्रणाली भी तैयार कर रहे है।

आज का यह दिन पूर्व सैन्य-छात्रों के गोल्डन जुबली बैच 1974-75 से 1982' के नाम रहा। इसमें पूर्व तिलैयन सैन्य- छात्रों' ?द्वारा वि?द्यालय और सैन्य-छागे के भविष्य को ध्यान में रखकर वाताएं और चर्चा की गयी। इस क्रम में ही वर्तमान सैन्य-छात्रों ने सायंकाल फुटबॉल मैच, सास्कृतिक कार्यक्रम आदि कई कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र की समाप्ति पर भारतीय सेना शिक्षा कौर के अनुभवी अधिकारी सह उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा ने पधारे हुए सभी अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान भारतीय जल सेना के नव-युवा प्रशासनिक अधिकारी कमांडर प्रशान्त बिरादर, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ अध्यापक मनोरंजन पाठक, विद्यालय के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा और विश्वकर्मा पूजा को लेकर बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र में दुर्गा पूजा और विश्वकर्मा पूजा हर्षौल्लास और सोहार्द पुर्ण माहोल में मनाने को लेकर मंगलवार को टाटीझरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गयी इसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ रश्मि खुश्बू मिंज ने किया मुख्य रूप से प्रमुख संतोष मंडल पुलिस निरीक्षक जगलाल मुंडा थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार उपस्थित थे बैठक में पूजा समिति टाटीझरिया, झरपो, कोल्हु समिति के अध्यक्ष सदस्यों को पुजा में सक्रिय से भुमिका निभाने को कहा गया प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा शांति पूर्ण तरीके से मानना है टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र शांति का क्षेत्र रहा है बीडीओ सह सीओ रश्मि खुश्बू मिंज और पुलिस निरीक्षक जगलाल मुंडा ने पूजा समिति ओर पंडाल के सभी अध्यक्ष सदस्यों और जनप्रतिनिधियों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की और कहा कि कमिटी की गठन करे और पंडाल के पास अपने अपने समिति के पूजा पंडाल पास वॉलेंटियर को रखना है कही किसी प्रकार का हुड़दंगी होने पर तुरंत थाना की सूचित करे वाटसेफ पर अभद्र टिप्पणी नहीं करेंगे करने पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन कैलाशपति सिंह ने किया। इस बैठक में 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, सुरेंद्र यादव किशोरी ठाकुर, बद्री भुईयां, मुकेश मंडल में कयूम सहित अन्य उपस्थित थे।

## चरही कॉलोनी में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



**चरही (आजाद सिपाही)।** सीसीएल द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में एक और पहल की गयी है। सीसीएल कॉलोनी, चरही में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रमुख चिकित्सा सेवा, सीसीएल डॉ. अंजुला निशी मिंज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत सिंह और महाप्रबंधक सत्यजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. कुमारी स्वेता, डॉ. पूजा, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधन अधिकारी दुबे पटेल, यूनियन प्रतिनिधिगण, जीएम कार्यालय के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस केंद्र के शुरू होने से सीसीएल कर्मियों सहित आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं बाजार मूल्य की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी। प्रबंधन का कहना है कि इस पहल से मरीजों के इलाज का बोझ काफी हद तक कम होगा और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सस्ती दवाओं की सुविधा मिल सकेगी। सीसीएल प्रबंधन ने कहा कि जन औषधि योजना का उद्देश्य सबको दवा सस्ती दवा को साकार करना है। इस प्रकार का केंद्र क्षेत्रीय स्तर पर आमजन के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

## बड़कागांव में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ





**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह परियोजना में हिंदी पखवाड़ा 2025 का भव्य शुभारंभ किया गया। बीते वर्षों की तरह इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 14 से 30 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की जायेंगी, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों और परिवारजनों को हिंदी के प्रयोग हेतु प्रेरित करना है। औपचारिक शुभारंभ आज 15 सितम्बर 2025 को सम्मेलन कक्ष सीकरी में हुआ। इस अवसर पर पवन कुमार रावत, महाप्रबंधक (इन्फ्रा) ने विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों को राजभाषा की शपथ दिलायी की वे हिंदी को कार्य और संवाद की भाषा बनायें। अपने उद्बोधन में श्री रावत ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और एकता का भी प्रतीक है। कार्यस्थल पर हिंदी का प्रयोग बढ़ाने से कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और कार्यकुशलता सुनिश्चित होगी। हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1949 में इसी दिन भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था। आज हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिस पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। एनएमएल पकरी बरवाडीह में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध लेखन, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। इन गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को हिंदी भाषा के प्रयोग और प्रचार-प्रसार के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। एनएमएल पकरी बरवाडीह परिवार का संकल्प है कि हिंदी भाषा को कार्य और संवाद की मुख्यधारा में और अधिक सशक्त रूप से जोड़ा जाये।

## चलकुशा थाना परिसर में विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा को लेकर हुई बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी नवीन भूषण कुल्लू और संचालन थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने किया। शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ अजित कुमार विमल जिला परिषद सविता सिंह इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, सुखदेव यादव विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी शामिल हुए। मौके पर एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा असामाजिकतत्वों पर प्रशासन का विशेष नजर रखी जायेगी और सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वालों को चिंहित कर बक्शा नहीं जायेगा वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा की चलकुशा पंचायत में कुछ लोगों के द्वारा माहौल खराब करने कि कोशिश कि जा रही है प्रशासन लोगों को चिंहित कर कारवाई करें। लोग भाई चारगी के साथ त्योहार को मनाएं। मौके पर पूर्व उप प्रमुख भीखी सिंह मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, सीताराम पंडित पसंस प्रतिनिधि उमेश साव, शमीम अंसारी, बसंत पांडेय, अंचल निरीक्षक मुकेश रजक, मोहसिन कमाल, रहमान अंसारी, इंद्रदेव यादव, बालचन्द यादव, नईम अंसारी, राजकुमार पंडित, नईम एवं अन्य लोग बैठक में उपस्थित थे।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...75 वर्ष

जब महिलायें होंगी स्वस्थ, तभी तो
परिवार और देश बनेगा सशक्त

स्वस्थ नारी
सशक्त परिवार
अभियान का शुभारंभ
17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025

एवं

पीएम मित्र पार्क, धार
का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के द्वारा



देशभर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन
8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ
PMMVY के अंतर्गत मातृत्व लाभ वितरण
आदि सेवा पर्व का शुभारंभ
एक करोड़ सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग कार्ड का वितरण
सुमन सखी चैटबॉट का शुभारंभ
'एक बगिया माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध वितरण

17 सितम्बर 2025 I धार, मध्यप्रदेश
DD न्यूज़ पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

अभियान की गतिविधियाँ

सभी महिलाओं के लिए
चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य सेवाएं

- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच
- कैंसर-मुख / स्तन/ ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसवपूर्व जांच
- टीकाकरण सेवाएँ / एनीमिया का स्तर
- टेलीमानस सुविधाएँ / टीबी जांच
- सिकल सेल
- विशेष परामर्श

स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच
आसान बनाने के लिए

- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- आभा आई डी कार्ड पंजीकरण
- पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण

स्वस्थ जीवनशैली और
स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखना

- चीनी और खाद्य तेलों में 10% की कमी के साथ मोटापा कम करना
- स्थानीय और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देना
- प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी आचरण
- मासिक धर्म स्वच्छता संवर्धन और पोषण
- टेक होम राशन (THR) का वितरण

नागरिकों की सक्रिय भागीदारी :
रक्तदान शिविर | निक्षय मित्र स्वयंसेवी पंजीकरण | अंगदान पंजीकरण

इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए महिलायें एवं बच्चे अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से संपर्क करें

#SwasthNariSashaktParivar

CBC 46101/13/0018/2526

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# आत्मनिर्भर भारत और घर-घर स्वदेशी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर राष्ट्रीय संकल्प



डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा

17 सितंबर 2025 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपना 75वां जन्मदिन मनायेंगे। यह अवसर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उस प्रेरणादायक यात्रा का स्मरण है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया। एक साधारण परिवार से निकलकर, बचपन में चाय बेचने वाले बालक से विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक का उनका सफर संकल्प, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे 'सेवा दिवस' के रूप में मना रही है, जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम देशभर में आयोजित होंगे।

### आत्मनिर्भर भारत: स्वावलंबन की मजबूत नींव

2014 में सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया, जिसे 2020 में औपचारिक अभियान का रूप मिला। इसके पांच स्तंभ– अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, व्यवस्था, जनसांख्यिकी और मांग–भारत को सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। जैसा कि मोदी जी ने कहा, आत्मनिर्भर भारत का मार्ग गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा की भागीदारी से होकर जाता है। रक्षा क्षेत्र में 2024 में 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात, सेमीकंडक्टर चिप का 'मेक इन इंडिया' लॉन्च और चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता इस अभियान की मिसाल हैं। ऊर्जा क्षेत्र में भारत ने 2030 के 50% स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य को 2025 में ही हासिल कर लिया, जो वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं में अग्रणी है।

### घर-घर स्वदेशी: वोकल फॉर लोकल की गूंज

मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र ने स्वदेशी उत्पादों को नया जीवन दिया है। 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना के तहत 761 जिलों के 1,102 पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार में पहचान मिली है। त्योहारों, मेलों और सरकारी पहल के माध्यम से 'घर-घर स्वदेशी' की भावना अब जन-जन तक पहुंच रही है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहन मिल रहा है।



### आर्थिक प्रगति: विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था ने अभूतपूर्व छलांग लगायी है। 2014 में विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 2025 तक चौथी सबसे बड़ी बन चुकी है। 2024-25 में 6.5% की जीडीपी वृद्धि दर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक रही।

निर्माण क्षेत्र में 10.8% की वृद्धि ने रोजगार सृजन को गति दी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) और विश्व बैंक ने भारत को वैश्विक विकास का इंजन करार दिया है।

### जनकल्याण: हर घर तक विकास

- प्रधानमंत्री आवास योजना: 4 करोड़ से अधिक पक्के घर, 2024-25 में 1 करोड़ अतिरिक्त घरों का लक्ष्य।
- जल जीवन मिशन: 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल, 2028 तक पूर्ण कवरेज।
- आयुष्मान भारत: 55 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा।
- स्टार्टअप इंडिया: 1 लाख से अधिक स्टार्टअप, 10 लाख से अधिक नौकरियां।

#### 75वां जन्मदिन: 75 संकल्प

- प्रधानमंत्री मोदी का 75वां जन्मदिन प्रेरणा का अवसर है। इस मौके पर देशभर में 75 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन होगा, जिसमें मध्य प्रदेश के धार में मेगा टेक्सटाइल पार्क शामिल है। हम सभी संकल्प लें:
- हर घर स्वदेशी उत्पाद अपनाएं।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं।
- 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।

### जीएसटी: व्यापार में क्रांति

1 जुलाई 2017 को लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाया। 22 सितंबर 2025 से जीएसटी 2.0 के तहत स्लैब को 5%, 18% और 40% में सरलीकृत किया गया है। डिजिटल इंडिया ने कर प्रणाली को और मजबूत किया, जिससे टैक्स चोरी घटी और छोटे व्यापारियों को राहत मिली।

### महिला सशक्तिकरण: आर्थिक स्वतंत्रता की ओर

महिला सशक्तिकरण को आत्मनिर्भर भारत की धुरी मानते हुए मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, जन धन योजना से 50 करोड़ से अधिक खाते और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की।

### वैश्विक नेतृत्व: भारत की नयी पहचान

2023 में जी-20 की सफल अध्यक्षता और 2021 में सीओपी-26 में जलवायु नेतृत्व ने भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित किया। 'मेक इन इंडिया' से रक्षा निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि गगनयान मिशन 2025 में भारत की अंतरिक्ष क्षमता को और सशक्त करेगा।

### निष्कर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व भारत की अमूल्य धरोहर है। उनके संकल्प और स्वदेशी भावना ने भारत को विश्व गुरु की दिशा में अग्रसर किया है। उनके 75वें जन्मदिन पर 'आत्मनिर्भर भारत और घर-घर स्वदेशी' को जीवन का हिस्सा बनाना ही सच्ची 'शुभकामना' या 'बधाई' होगी। आइए, सेवा पखवाड़ा के माध्यम से इस संकल्प को गति दें और विकसित भारत के सपने को साकार करें।

**(लेखक राज्यसभा सांसद और - झारखंड प्रदेश भाजपा के महामंत्री हैं।)**

---

### जिले में बेखौफ बालू माफियाओं का कहर जारी

# बालू माफियाओं ने ट्रैक्टर से दो चौकीदार को किया घायल, रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले में बेखौफ बालू माफियाओं का कहर जारी है। बालू माफिया पुलिस और जिला प्रशासन पर हमला कर खुली चुनौती देने में बाज नहीं आ रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को हंटरगंज में अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे अंचल अधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल में शामिल दो चौकीदारों को बालू माफियाओं ने अवैध बालू लदे जब्त ट्रैक्टर से गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल चौकीदारों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चौकीदारों को सदर अस्पताल में इलाज कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हंटरगंज अंचल अधिकारी ऋतिक कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल थाना क्षेत्र के खूंटीकेवाल गांव के इमलियाटांड़ इलाके से अवैध बालू लादकर परिवहन कर रहे स्थानीय ट्रैक्टरों को जब्त करने की कार्रवाई करने गयी थी। छापामारी दल को देखते ही कई ट्रैक्टर चालकों ने अपने वाहनों को लेकर भाग निकले। लेकिन छापामारी दल ने एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। छापामारी दल ने जब्त ट्रैक्टर को थाना लाने के दौरान जब्त ट्रैक्टर पर दो चौकीदार को बिठा दिया था। इसी दौरान जैसे ही अंचल अधिकारी की गाड़ी आगे निकली।



ट्रैक्टर मालिक सह चालक ने गाड़ी को बेकाबू तरीके से चलाना शुरू कर दिया। जिससे जब्त ट्रैक्टर पर बैठे अंचल कार्यालय के चौकीदार योगेंद्र कुमार ट्रैक्टर से नीचे सड़क पर गिर गया और बेकाबू ट्रैक्टर के ट्रॉली का टायर चौकीदार के दोनों पैर के जांघ पर चढ़ गया और आगे जाकर पलट गया। इसी बीच चौकीदार अखिलेश गंझू भी गिरकर घायल हो गया। ट्रैक्टर के पलटने के बाद चालक सह वाहन मालिक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो।

---

# महुआटुंगरी में भरा गया अवैध मुहाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के कुजू क्षेत्र से कोयले का अवैध कारोबार करने वालों पर जिला प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी ने कुजू, कर्मा कोलियरी के महुआटुंगरी में बनाये गये अवैध माइंस को भरने का काम शुरू कर दिया है। डीएमओ निशांत अभिषेक ने बताया कि इस क्षेत्र से भी कोयला तस्कर बड़े पैमाने पर तस्करी कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद कार्रवाई की गयी है। अवैध माइनिंग और कोयले के तस्करी को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**सीसीएल और जंगल क्षेत्र से हो रही कोयल की तस्करी :** डीएमओ ने बताया कि इससे पहले भी रजरप्पा, अरगड्डा, मांडू, घाटो क्षेत्र से कोयले की तस्करी की सूचना जिला प्रशासन को मिली थी। इन सभी इलाकों में सीसीएल का क्षेत्र और जंगल क्षेत्र तस्करों का पनाहगाह बना था। इस मामले में वरीय अधिकारियों का निर्देश भी प्राप्त हुआ था। उस आधार पर कोयला तस्करों पर लगातार कार्रवाई करने की मुहिम चलाई जा रही है। अरगड्डा क्षेत्र का काजू बागान हो या कर्मा कोलियरी के पास महुआ डूंगरी इलाके में बनाया गया अवैध माइंस हो, सभी जगह पर कार्रवाई हो रही है।

**वेस्ट बोकारो क्षेत्र में बंद किया जा चुका है अवैध मुहाना :** डीएमओ ने बताया कि वेस्ट बोकारो क्षेत्र में भी खनन विभाग के द्वारा पहले कई अवैध मुहाने और सुरंग बंद किये गये हैं। रजरप्पा में भी अवैध खनन के कार्य को बंद कर कर कोयला तस्करों की कमर तोड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र में वन विभाग अपनी कार्रवाई कर रहा है। इसके अलावा पुलिस भी अपने मुहिम में लगी हुई है। किसी भी स्तर पर कोयला तस्करों को बक्सा नहीं जायेगा।

### क्वार्टजाइट खनिज से लदा हाइवा जब्त, मामला दर्ज

रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में औचक जांच के क्रम में गंगा धर्म कांटा के सामने, राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर, बोंगाबार के निकट दिगवार में खड़ी एक हाईवा संख्या जेएच 10बीबी 4003 जांच के लिए रोका गया। जांच के क्रम में हाईवा पर क्वार्टजाईट खनिज लदा हुआ पाया गया। हाईवा के अन्दर क्वार्टजाईट खनिज से संबंधित परिवहन चालान नहीं पाया गया। स्थल पर खनिज का मापी के उपरांत मात्रा लगभग 728 सीएफटी (लम्बाई 14 फीट, चौड़ाई 8 फीट, ऊंचाई 6.5 फीट) पाया गया। जिससे स्पष्ट हुआ कि उक्त हाईवा के मालिक, अज्ञात चालक और अन्य संलिप्त लोगों के द्वारा आपसी मिली भगत कर अवैध रूप से बिना वैध परिवहन चालान के क्वार्टजाईट खनिज का परिवहन कार्य किया जा रहा था। तदोपरांत उक्त हाईवा को खनिज सहित विधिवत स्थल पर जब्त कर कुजू थाना को सुपुर्द किया गया। जब्त हाईवा के मालिक, अज्ञात चालक तथा अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपति की चोरी, खनन राजस्व का क्षति, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के धारा 4, 21, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित के नियम 54. डी झारखंड मिनरल प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज एक्ट 2017 के नियम 9, 13 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

---

### कृषि और अन्य संबद्ध विभागों के कार्यों को लेकर डीसी ने की बैठक

# लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** कृषि और अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला समाहरणालय के सभागार में बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना उपनिदेशक आत्मा से ली। वहीं वर्ष 2025-26 में संचालित योजनाओं सहित अन्य फसलों के अच्छादन के तहत प्रखंडवार अब तक हो रहे कार्यों की समीक्षा कर डीसी ने लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति करने का निर्देश दिया।

**उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण सहित अन्य विभागों की डीसी ने की समीक्षा :** इन सबके अलावा बैठक के दौरान डीसी ने उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण सहित अन्य कृषि संबद्ध विभागों द्वारा विगत वित्तीय वर्ष तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में किए गए कार्यों एवं लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। बैठक में कृषि और अन्य संबद्ध विभागों के जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



### योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने कृषि योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। वहीं झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में डीसी ने लंबित ई केवाईसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही पीएम किसान योजना के तहत स्वयं से पंजीकरण करने वाले लाभुकों की जांच कर स्वीकृति देने और उनका ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश। डीसी ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने तथा जिले के अलग-अलग खनन प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए माइनिंग कोलपिट की पहचान कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

---

### रेल टेका आंदोलन को लेकर बैठक

गोला (आजाद सिपाही)। डाक बंगला परिसर में मंगलवार को आदिवासी कुड़मी /कुरमी समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता हेमलाल महतो और संचालन पवन कुमार महतो ने किया। बैठक के दौरान आगामी 20 अक्टूबर को रेल टेका डहर छेका आंदोलन की रुपरेखा तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि कुर्मी समाज को आदिवासी की सूची में सूचीबद्ध करने की मांग वर्षो पुरानी है। समाज अपने हक और अधिकार की लड़ाई के लिए लगातार संघर्षरत है। पिछले दिनों दिल्ली जंतर मंतर में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। आंदोलन की दूसरी कड़ी में रेल टेका आंदोलन किया जा रहा है। कहा गया कि कुड़मी आदिवासी थे, लेकिन 1950 की अधिसूचना में छोटानागपुर के कुड़मियों को बिहार का कुर्मी समझ अति पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में डाल दिया गया। यह संविधान के अनुच्छेद 342 का उल्लंघन है। वर्ष 1913 और 1931 की अधिसूचना में कुड़मियों के आदिवासी होने का प्रमाण है। बीएचयू के शोध में भी इस बात का पता चला है कि कुड़मी भी इस देश के सबसे पुराने आदिवासी हैं और छोटानागपुर के पठार पर रह रहे है।1950 की अधिसूचना में भूल हुई है। मौके पर नागेश्वर राघवंशी, संतोष चौधरी, सहदेव महतो, आनंद कुमार महतो, टेकलाल महतो, अशोक महतो, दीपक महतो, कुलदीप महतो, मोतीलाल महतो, अभिमन्यु महतो अरुण महतो, बिहारी लाल महतो, अभिमन्यु महतो, मुकेश महतो, शेल देवी, विष्णु महतो आदि थे।

---

# रतवे में महिला की संदेहास्पद मौत, मामला दर्ज

- पुलिस जांच पड़ताल में जुटी, पति को भेजा जेल
- पति का दूसरी औरत के साथ नाजायज संबंध को लेकर मामले ने पकड़ा तूल
- पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में शव का हुआ अंतिम संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के रतवे पंचायत अंतर्गत नावाटांड़ में एक विवाहिता महिला बेबी देवी (27 वर्ष) का संदेहास्पद मौत हो गई। जिसके बाद मुर्रामकला पतरातू बस्ती (रामगढ़) निवासी मृतका की माँ कमली देवी पति मुखलाल महतो ने पति गोविंद महतो, ससुर ठोठन महतो, सास फुनवा देवी पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कुजू ओपी में मामला दर्ज कराया। वहीं, कुजू पुलिस ने आरोपी पति गोविंद महतो को जेल भेज दिया है। जबकि सास ससुर पुलिस हिरासत में है। वहीं, मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का नावाटांड पहुंचने पर ससुराल एवं मायके वालों के बीच काफी नोक झोक हो गई। वहीं, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह ने काफी संजीदगी के साथ मायके वालों को समझाते हुए शव का अंतिम संस्कार कराया। इधर, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार, नावाटांड़ रतवे निवासी बेबी देवी (27 वर्ष) रविवार की रात्रि जितिया पर्व को लेकर उपवास की थी। इस बीच सास के साथ मामूली विवाद व पति का बारालौंग की दो बच्चों की मां के साथ अवैध संबंध से परेशान होकर सोमवार की सुबह 9 बजे फंदे से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, मृतका के पति गोविंद महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं, मृतका की माँ कमली देवी ने अपने दामाद पर दूसरी औरत के साथ अवैध संबंध के कारण बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए ओपी में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने पति गोविंद महतो के अलावे सास, ससुर पर गला दबाकर हत्या करने की बात कही गई। मृतका का गोविंद महतो के साथ 2016 में शादी हुआ था। जिससे उसको दो पुत्र व एक पुत्री है। मां की मौत के बाद 8 वर्षीय पुत्र जयकुमार महतो, 5 वर्षीय पुत्र गौरव महतो एवं तीन वर्षीय पुत्री एंजल कुमारी का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं, बारलांग की महिला से गोविंद महतो का अवैध संबंध होने के शक मामले पर मायके वालों ने बबीता देवी को जबरन उठाकर नावाटांड लाया गया। जहां हल्की पिटाई के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।



### मायके वालों ने जमकर काटा बवाल

विवाहिता की मौत की खबर से आक्रोशित मायके वाले नावाटांड़ पहुंचकर जमकर बवाल काटा। वहीं, शव के पहुंचने पर ससुराल एवं मायके वालों के बीच काफी नोक झोक हो गई। जहां दोनों पक्षों में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए घर के पास भारी पुलिस की तैनाती कर दी। करीब 5 घंटे बाद आपसी सहमति पर पुलिस प्रशासन की देखरेख में बेबी देवी का खोरागढ़ा स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कराया गया। इस अवसर पर सीओ तृप्ति विजया कुजूर, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार समेत काफी संख्या में पुलिस बल, परिजन और ग्रामीण शामिल रहे।इधर, ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया से आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। साथ ही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।


भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री
आदरणीय
नरेंद्र मोदी जी
को 75वें जन्मदिन की
अनंत शुभकामनाएं
ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करता हूँ।
एक शुभचिंतक
रांची

# वक्फ कानून पर आशंकाएं दूर होंगी

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर रोक नहीं लगायी, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों में संशोधन किया है या उन्हें रोका है। शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह तार्किक है, जिसमें संतुलन का पूरा ध्यान रखा गया है। उम्मीद है कि इस फैसले से वे आशंकाएं दूर हो जायेंगी, जो इस नये कानून को लेकर जताई जा रही थीं।

**संविधान के अनुरूप :** सुप्रीम कोर्ट की ओर से किए गए संशोधन महत्वपूर्ण और जरूरी हैं। इनमें संविधान की भावनाओं का ख्याल रखा गया है। एक अहम संशोधन यह है कि शीर्ष अदालत ने वक्फ संपत्ति जांच के प्रावधानों पर आंशिक रूप से रोक लगा दी। नामित अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर ही किसी प्रॉपर्टी को गैर-वक्फ नहीं माना जा सकता।

**शक्ति का संतुलन :** अदालत ने संपत्ति अधिकार तय करने की ताकत जिलाधिकारी को देने को संविधान में की गई व्यवस्था-शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ माना। यह व्यवस्था इसलिए की गयी है, ताकि लोकतंत्र के तीनों अहम अंगों-विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन बना रहे। एक पक्ष की ओर पलड़े का थोड़ा भी झुकाव व्यवस्था के संतुलन को बिगाड़ देगा। किसी एक ही अंग में सारी शक्तियां इसलिए भी निहित नहीं हैं, ताकि उसे निरंकुश होने से रोका जा सके।

**वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है।**

**संवेदनशीलता की जरूरत :** इसी तरह, वक्फ करने के लिए न्यूनतम 5 बरसों तक इस्लाम का अनुयायी होने के प्रावधान पर तब तक रोक रहेगी, जब तक राज्य सरकारें इसके सत्यापन के लिए नियम नहीं बना लेतीं। देश में धर्म व्यक्तिगत मामला है और यह जरूरी नहीं कि कोई नागरिक अपनी धार्मिक पहचान का सार्वजनिक प्रदर्शन करे। तो यह तय करना कि कोई किसी धर्म को कब से मान रहा है, बेहद जटिल है। राज्य सरकारों से उम्मीद है कि इस बारे में नियम बनाते समय वे सभी पहलुओं का ध्यान रखेंगी और ज्यादा संवेदनशीलता बरतेंगी।

**जिम्मेदारी भरा निर्णय :** वक्फ संशोधन अधिनियम के कई बिंदुओं पर विपक्ष को गहरी आपत्ति थी। इसे लेकर दोनों सदनों में और सड़क पर भी काफी हंगामा हुआ। इस मामले की गंभीरता और उसके असर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट का फैसला जिम्मेदारी भरा है। याचिका में पूरे कानून को रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने इसे नहीं माना। इस तरह के कदम बेहद दुर्लभ मामलों में उठाये जाते हैं और इनका प्रभाव बहुत व्यापक होता है। इस मायने में सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किया, और यह भी ध्यान रखा कि विधायिका के साथ सीमाओं का अतिक्रमण न हो।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओड़िशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया।**

# भारत की डिजिटल क्रांति: परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना



राव इंद्रजीत सिंह

पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आयी है, जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतः क्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य, और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है।

यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग, और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है।

जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमइआइटीवाइ), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय, और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में जमीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर, और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है।

**आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआइ के माध्यम से लेनदेन होते हैं।**

जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को, जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है। ओड़िशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गयी है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदमः एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना।




भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआइ) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया, यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्जी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआइ के माध्यम से लेनदेन होते हैं और यहां तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के जरिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है।

भारतनेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुंचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढांचा तैयार किया।

डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने, और इ-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है, जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है।

यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है। साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है। यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं - ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं।

डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट इ-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिजाइन किये गये, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है - जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमइ की बढ़ती संख्या शामिल है।

राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था।

कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरू कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुंचे। इ-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गये, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं।

महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी, जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गयी शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आइडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका। वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गयी। डीपीआइआइटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी इ-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है।

डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुंच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका–मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है–जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नये आयाम उभर रहे हैंः एआई-सक्षम शासन, विकेंद्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएं, जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुंच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है–करोड़ों नागरिकों की कहानी है, जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है, जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नयी कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ. तकनीक का नहीं है–यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

**(लेखक : सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## विधायक सरयू राय ने एक करोड़ की लागत से कपाली नाला पर पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को मानगो के जाकिरनगर स्थित अवैस करनी मस्जिद के समीप कपाली नाला पर पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह पुल ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की योजना के तहत 1 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से बनाया जायेगा। इस अवसर पर विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि पप्पू सिंह, पिंटू सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, वीरु सिंह, बाला प्रसाद, भोला सिंह, वैभव सिंह, छट्ठू रावत, नीरू सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, निसार, फिरोज खान, लटन, शाकिर और संजू आदि उपस्थित रहे।

## जाति प्रमाण पत्र चालू कराने की मांग लेकर मंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति समन्वय समिति जमशेदपुर महानगर के एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर जाति प्रमाण पत्र निर्गमन में आ रही बाधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को पूर्व विधायक कुणाल सारंगी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों ने बताया जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रक्रिया लंबे समय से बाधित है, जिससे समाज के लोगों को कई योजनाओं और शैक्षणिक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। मंत्री चमरा लिंडा ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया वे इस मुद्दे को आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे और जल्द से जल्द इसका समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## बाहरगोड़ा में मना राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 43,200 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के पी.एम.श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बाहरगोड़ा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उत्पल मुर्मू और जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ. राजीव लोचन महतो ने अलबेन्डाजॉल दवा का सेवन कर किया। डॉ. राजीव लोचन महतो ने विद्यालय की छात्राओं को कृमि मुक्ति दवा के सेवन के लाभों के बारे में जानकारी दी। डॉ. उत्पल मुर्मू ने बताया बाहरगोड़ा प्रखंड में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 43,200 बच्चों को कृमि मुक्ति दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक दुर्गा उरांव, डेमियन फाउंडेशन के प्रतिनिधि दुर्योधन बागती, विद्यालय की वार्डन विनीता, शिक्षक और कर्मी उपस्थित रहे।

# टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और यूनियन के बीच बोनस समझौता

## 21 कर्मचारियों को मिलेगा न्यूनतम ₹12,200 और अधिकतम ₹20,250

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी और यूनियन के बीच वर्ष 2024-25 के लिए बोनस समझौता संपन्न हुआ। यह समझौता दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ, जो कर्मचारियों के योगदान की सराहना और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



समझौते के अनुसार सभी पात्र कर्मचारियों को 8.33% की दर से प्रदर्शन प्रोत्साहन राशि दी जायेगी, जो 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के वेतन पर आधारित होगी।

न्यूनतम राशि 12,200 और अधिकतम राशि 20,250 कर्मचारियों को दिया जायेगा। इससे ऊपर पाने वाले कर्मचारियों को अतिरिक्त 1,000 मिलेगा। कुल 4.37 लाख की राशि 21 कर्मचारियों के बैंक खाते में अगले दो से तीन दिनों में भेज दी जायेगी। समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान प्रबंधन की ओर से प्रणय सिन्हा,विकास कुमार, डॉ नैम अख्तर और डॉ एम पालित जबकि यूनियन की ओर से रघुनाथ पांडेय (अध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारियों शामिल रहे। दोनों पक्षों ने इस समझौते को कर्मचारियों के कल्याण और संगठन के विकास हेतु मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

## ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां आविर्भाव दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मना



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम के बड़ाजामदा सत्संग विहार में मंगलवार को युगपुरुष श्रीश्री ठाकुर अनुकूलचंद्र का 138वां आविर्भाव दिवस अत्यंत श्रद्धा,भक्ति व उल्लास के वातावरण में मनाया गया।मंगलवार को कार्यक्रम में नोवामुंडी, किरीबुरु, गुवा, झींकपानी समेत आसपास के क्षेत्रों से हजारों हजार श्रद्धालु उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 5:33 बजे सामूहिक प्रार्थना और मांगलिक गान से हुई, इसके बाद ग्रंथ पाठ, भजन-कीर्तन और धर्मसभा का आयोजन किया गया। धर्मसभा में वक्ताओं ने ठाकुर जी के जीवन-दर्शन, प्रेम, करुणा, और समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋत्विक अमरनाथ ठाकुर ने की। उन्होंने कहा मानव शरीर सौभाग्य से मिलता है। अतः इसे जन-जन के कल्याण में लगाना ही सच्ची साधना है। उन्होंने यजन और याजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## बिजली समस्याओं के समाधान को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के महाप्रबंधक से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान जनहित से जुड़ी नौ प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न पंचायतों में जर्जर बिजली पोलों की मरम्मत, नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना, स्ट्रीट लाइट की कमी, अधूरा विद्युतीकरण, तथा खतरनाक स्थिति में लगे बांस के पोलों को हटाकर स्थायी पोल और केबल तार लगाने जैसी मांगें रखीं। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कांग्रेस पार्टी आम जन की समस्याओं को लेकर सजग है और समाधान के लिए संघर्षरत रहेगी। महाप्रबंधक ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, ब्रजेंद्र तिवारी,संजय सिंह आजाद, लड्डन खान, राजीव मिश्रा, शमशेर आलम, मुन्ना मिश्र, रंजीत सिंह, सन्नी सिंह, सुशील घोष, अजय कुमार यादव, निखिल कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे।

## कांदरबेरा क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई, जेसीबी, हाइवा, ट्रैक्टर जब्त



सरायकेला (आजाद सिपाही)। खरसावां जिला प्रशासन ने चांडिल क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति में सोमवार को कांदरबेरा क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई में दो जेसीबी वाहन, एक हाइवा, दो ट्रैक्टर माउंटेड ड्रिलिंग मशीन और लगभग 1800 घनफीट पत्थर खनिज जब्त किये गये। जमीन मालिक, वाहन मालिक/चालक और अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने कहा कि अवैध खनन पर नियंत्रण प्रशासन की प्राथमिकता है और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र में अवैध खनन रोकने के लिए नियमित निरीक्षण और संयुक्त गश्ती अभियान चलाये जायेंगे।

## गुवा शहीद स्थल मैदान की मरम्मत की मांग



गुवा (आजाद सिपाही)। गुवा सेल का ऐतिहासिक फुटबॉल मैदान स्थानीय खेल संस्कृति और शहीदों की स्मृति के प्रतीक है। लेकिन इन दिनों उपेक्षा और बदहाली का शिकार हो गया। 8 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के लिए इस मैदान में जनसभा आयोजित की गयी थी।कार्यक्रम के दौरान गड्ढे खोदे गए और बालू-गिट्टी बिछाई गयी थी। कार्यक्रम के बाद मैदान की मरम्मत या सफाई की कोई पहल नहीं की गयी, जिससे स्थानीय युवाओं में नाराजगी है। बोकना गांव के मुंडा विक्रम चांपिया ने चिंता जताते हुए कहा मैदान की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है।यह जानबूझकर बबार्दी की ओर ढकेला गया प्रतीत होता है। उन्होंने इसे गुवा की खेल पहचान से जोड़ते हुए चेतावनी दी खेल मैदान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## धालभूम में एसडीएम की नियुक्ति शीघ्र हो : अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। समाजवादी चिंतक सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने राज्य के हेमंत सोरेन सरकार से धालभूम अनुमंडल में स्थायी एसडीएम की शीघ्र नियुक्ति की मांग की। उन्होंने कहा एसडीएम पद पर प्रभारी अधिकारी तैनात होने से प्रशासनिक निर्णयों में त्वरितता और प्रभावशीलता की कमी होती है। किराया विवाद, अतिक्रमण, भूमि विवाद जैसे मामलों में एसडीएम की न्यायिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।श्री पप्पू ने कहा जमशेदपुर एक महत्वपूर्ण औद्योगिक शहर है। आगामी दुर्गा पूजा जैसे बड़े आयोजनों को देखते हुए प्रशासनिक तैयारी के लिए स्थायी एसडीएम की नियुक्ति जरूरी है।उन्होंने सरकार से अपील की जनहित को ध्यान में रखते हुए योग्य अधिकारी की पदस्थापना अविलंब की जाये।

# पलामू में वित्त मंत्री और सांसद ने इंडोर स्टेडियम का किया शिलान्यास

सांसद ने संवेदक और संबंधित पदाधिकारी को कहा कि उक्त स्टेडियम में कराटे प्रेमियों को भी उचित प्लेटफार्म उपलब्ध हो

वित्त मंत्री ने कहा कि बहुत ही जल्द पलामू वासियों को खास महल के समस्याओं से निदान मिलेगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के नावाटोली में आयोजित इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का शिलान्यास सूबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एवं पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने संयुक्त रूप से किया। मालूम हो कि इस इन डोर स्टेडियम निर्माण की मांग खेल प्रेमियों के द्वारा लागातार चलती आ रही थी, जिस बावत सांसद विष्णु दयाल राम ने उक्त का प्रस्ताव नगर आयुक्त को भेजा था जिसे नगर आयुक्त ने इसकी स्वीकृति हेतु अपने उच्चाधिकारीयों को भेजा था जिसकी विभागीय स्वीकृति झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा विभागीय अड़चनों को दूर करवाते हुए प्रदान करायी गयी। इस स्टेडियम की लागत तीन करोड़ 84 लाख 23 हजार तीन सौ अठारह रुपये के लागत से निर्मित होने वाली इस स्टेडियम में निम्नलिखित प्रावधान किया है। जिसमें एक आउटर वॉलीबॉल कोर्ट, एक आउटर स्विमिंग पूल शामिल है। इसमें ग्राउंड फ्लोर पर एक योग सह ध्यान केंद्र, एक वीआईपी विश्रामकक्ष, दो बैडमिंटन कोर्ट, एक प्रतीक्षालय, झारखंड संस्कृति भीत्तचित्र एवं प्रथम तल पर दो बैडमिंटन कोर्ट, एक 3डी गेम्स, दो चेस, दो स्नूकर दो टेबल टेनिस और एक जिम आदि शामिल है।

मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि सिर्फ खेल स्टेडियम का निर्माण ही नहीं अपितु इसका रखरखाव कैसे होगा इस पर भी ध्यान देने और इसे प्रावधान में लाने की आवश्यकता है। उन्होंने संवेदक एवं संबंधित पदाधिकारी को कहा कि उक्त स्टेडियम में कराटे खेल खेलने का भी प्रावधान हो ये सुनिश्चित करें, ताकि कराटे प्रेमियों को भी उचित प्लेटफार्म उपलब्ध हो। विदित हो कि उक्त कार्य को 22 दिसंबर 2026 तक पूरा करना है। मौके पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री ने कहा कि वे इस स्टेडियम के मरम्मती एवं रखरखाव हेतु भी वे जल्द ही कोई निराकरण निकालेंगे। उन्होंने कहा कि बहुत ही जल्द पलामू वासियों को खास महल के समस्याओं से निदान मिलेगा और उन्हें इस दुर्गा पूजा से दीपावली एवं छठ के पावन पर्व के मौके पर खुसखबरी प्राप्त होगी।

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि अपने निगम क्षेत्र को संवारने का वो हरसंभव प्रयास करती रही हैं और करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी वे निगम क्षेत्र को दुरुस्त करने का कार्य अपनी निजी खर्च पर भी करती रही हैं। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अविनाश वर्मा, प्रफुल्ल सिंह, शिवकुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भोला पांडेय, मनीष कुमार, वीरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रांची क्लब के तर्ज पर इस स्टेडियम की रूपरेखा बनी है : अरुणा शंकर



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शहर को एक शानदार इन डोर स्टेडियम जिसका शिलान्यास मंगलवार को हो रहा मे सम्मिलित होते हुए सूबे के मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पलामू सांसद वीडी राम एवं निगम को बधाई दी। प्रथम महापौर ने बताया कि इसकी रूपरेखा मेरे कार्यकाल में बनी लेकिन निविदा निकालने में काफी देर हुई। इस प्रोजेक्ट का नक्शा व्योम आर्किटेक्ट स्टूडियो रांची द्वारा तैयार किया गया है। इसके आर्किटेक्ट अतुल अग्रवाल है जिनको मेरे कार्यकाल में नियुक्त किया गया था और उनका पहला प्रोजेक्ट मेरी ही निगरानी में कोयल रिवर फ्रंट जो उनके द्वारा बनाया गया। प्रथम महापौर ने बताया इस स्टेडियम में जहां राष्ट्रीय स्तर के मापदंड का स्विमिंग पूल होगा वही वालीबाल, बास्केटबाल और इन डोर बैडमिंटन कोर्ट भी होगा। इसमें महिला पुरुषों के लिए योगा और मॉर्निंग वॉकर के लिए टेफलॉन ट्रैक की व्यवस्था बनाई गयी है। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर स्टेडियम सही रूप से बना तो रांची क्लब के तर्ज पर डेवलप होगा जो हमारे शहर के लिए माइलस्टोन होगा। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने पलामू सांसद एवं मंत्री के विकास कार्यों में लंबी लकीर खींचने के लिए बधाई दी।

### देवघर एम्स का छठा वार्षिक उत्सव : नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ता कदम

# सेवा और संकल्प का उत्सव : राज्यपाल




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देवघर एम्स ने सोमवार को अपना छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एम्स डायरेक्टर डॉ. सौरव वार्ष्णेय ने कहा कि आज का दिन संस्थान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर 2019 को यहां एमबीबीएस का पहला बैच शुरू हुआ था। तब से हर वर्ष इसी दिन वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाता है। डॉ. वार्ष्णेय ने कहा कि पिछले साढ़े पांच वर्षों में एम्स ने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन आज यहां सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 25 मई 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवघर एम्स की नींव रखी थी और आज यह संस्थान लगातार उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। हर साल एमबीबीएस छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है– 2019 में 50 छात्रों से शुरू होकर अब 2025 में 125 छात्रों का नामांकन हो रहा है। इसी क्रम में आज हाइटेक सिटी स्कैन की भी शुरूआत की गयी। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि देवघर एम्स प्रधानमंत्री मोदी की सोच और विजन का परिणाम है। यहां आज सिकल एनीमिया समेत कई गंभीर बीमारियों का सफल इलाज हो रहा है। वहीं राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एम्स देवघर में 31 जुलाई, 2025 को आयोजित पहले दीक्षांत समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ डिग्री पाने का अवसर नहीं था, बल्कि सेवा का संकल्प लेने का क्षण भी था। उन्होंने ने बताया कि देवघर एम्स का कैंपस 270 एकड़ में फैला हुआ है, जो देश के सबसे बड़े कैंपसों में से एक है। उन्होंने इसे देवघर और पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। एम्स आज पूर्वी भारत में उभरते हुए स्वास्थ्य हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## राज्यपाल ने बाबा धाम में की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की



देवघर (आजाद सिपाही)। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया। साथ ही राज्यवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना भी की। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम पूरे देश और राज्य की आस्था का केंद्र है और यहां आने से अद्भुत शांति और ऊर्जा का अनुभव होता है। देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने राज्यपाल को बाबा बैद्यनाथ धाम का प्रारूप भेंट किया।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हैदराबाद में आयोजित प्रथम एशियन ओपेन अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में संत मरियम स्कूल के 6 बाल ताइक्वांडो खिलाड़ीयों ने अपने-अपने वेट कैटेगरी में फुर्ती व मजबूती के साथ फाईट करते हुए एक गोल्ड मेडल और पांच सिल्वर मेडल की जीत अपने नाम किया। शुभम कुमार सिंह को गोल्ड मेडल,ओम प्रकश, युवराज कोरवा, गौरव कुमार सिंह,अभिषेक कुमार तिवारी, आयान सिद्दकी को सिल्वर मेडल मिला। यह प्रतियोगिता रियल ताइक्वांडो बोड ऑफ इंडिया के तत्वावधान में गाचीबोवली इन्दोर स्टेडियम हैदराबाद तेलंगाना राज्य में आयोजित किया गया था, जिसमें 15 देश के ताइक्वांडो खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक क्योंशि संतोष कुमार ने दी। संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहुत खुशी होती है कि जब हमारे जिले का खिलाड़ी देश स्तर पर अपना हुनर दिखा रहे है जो कि सराहनीय है। यह टीम मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक क्योंशि संतोष कुमार के नेतृत्व में हैदराबाद गया था। जबकि टीम मैनेजर सेम्पाई अमित प्रजापति को नियुक्त किया गया था।

# देवघर एयरपोर्ट पर आज मनेगा यात्री सेवा दिवस

कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भारतीय विमानपत्तन की ओर से 17 सितंबर को देवघर एयरपोर्ट पर यात्री सेवा दिवस मनाया जायेगा। देवघर एयरपोर्ट के डायरेक्टर रणदीप सिंह ने बताया कि इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। एयरपोर्ट आने वाले यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा। हवाई अड्डे के कर्मियों की ओर से झारखंड की समृद्धि को दर्शाने वाले लोक नृत्य प्रस्तुत किए जायेंगे। बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रस्थान और आगमन हॉल में विशेष फोटो बूथ बनाया गया है, जहां यात्री यादगार पलों को अपने मोबाइल में कैद कर सकेंगे। आरमित्रा स्कूल के बच्चों को देवघर एयरपोर्ट का भ्रमण कराया जायेगा। साथ ही एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण भी होगा। रक्तदान शिविर भी लगाया गया है, जिसमें हवाई अड्डे कर्मी ब्लड डोनेट करेंगे।

# डिक्सन टेक्नोलॉजी ने एसटीपीआइ जसीडीह में खोला इनोवेशन और एक्सीलेंस सेंटर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर देवघर से देश को मिला तकनीकी तोहफा



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** अब सिर्फ धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि तकनीकी हब बनने की ओर भी तेजी से बढ़ रहा है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया ने जसीडीह स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क, एसटीपीआई में इनोवेशन और एक्सीलेंस सेंटर की शुरूआत कर दी है। इसका उद्घाटन गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने किया। इसमें 200 युवा पहले चरण में प्रशिक्षित होंगे, 5 साल में 10 हजार का लक्ष्य रखा गया है डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने साफ किया कि पहले चरण में 200 युवाओं को ट्रेनिंग दी जायेगी और अगले पांच वर्षों में यह संख्या बढ़कर 10 हजार तक पहुंचेगी। संताल परगना के युवाओं को प्राथमिकता दी जायेगी, ताकि स्थानीय स्तर पर रोजगार क्षमता को सीधा बढ़ावा मिल सके।कंपनी की योजना देवघर में अपनी प्रोडक्शन यूनिट स्थापित करने की भी है। इसके शुरू होने के बाद युवाओं के लिए स्थायी और अप्रेंटिसशिप आधारित नौकरियों की बड़ी संभावनाएं बनेंगी। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यह पहल देवघर और आसपास के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनायेगी। रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नयी रफ़्तार मिलेगी।

# पोल्दा के प्रधानाध्यापक पर विद्यालय विकास फंड गबन करने का आरोप

शिक्षा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनोज तिवारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक के विरुद्ध पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं




विद्यालय परिसर में एकत्रित ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा प्रखंड अंतर्गत पोल्दा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के हालात गंभीर हो गए हैं। मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और ग्रामीणों ने विकास फंड की राशि गबन करने सहित कई आरोप लगाया। ग्रामीण रामचंद्र यादव ने बताया कि 2021-22 में प्रबंधन समिति के चुनाव में उन्हें अध्यक्ष चुना गया था। रामचंद्र यादव ने प्रधानाध्यापक पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अध्यक्ष चुने जाने के बाद अब तक बैंक में संयुक्त खाता तक नहीं खोला गया है। जिससे प्रधानाध्यापक मनमानी तरीके से पैसे को निकाल कर गबन कर दिया जाता है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों की लापरवाही के कारण बच्चों की पठन-पाठन प्रभावित हो रहे हैं। विद्यालय की हालत दयनीय हो चुकी है, कई सालों से रंग रोहन का कार्य भी नहीं है और विद्यालय की निचली और ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जर्जर हो चुकी। शौचालय भी कई सालों से बंद पड़ा है, जिससे बच्चे खुले में शौच के लिए विवश हैं। ग्रामीण राकेश कुमार यादव, रामचंद्र यादव, सूर्यकांत यादव, कृष्णा पासवान, मुकेश यादव, विनोद गिरि, रमेश यादव, अरुण गिरी और धर्मेंद्र कुमार सहित कई लोगों ने एक स्वर में प्रधानाध्यापक पर विकास फंड की राशि गबन करने का आरोप लगाया।

हालांकि, प्रधानाध्यापक रामावतार प्रसाद यादव ने उक्त सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि विद्यालय में जो फंड आते हैं, उसे विद्यालय के विकास खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में 70 छात्र नामांकित हैं, हालांकि उपस्थिति कभी-कभी कम रहती है। मध्याहन भोजन भी मीनू के अनुसार दिया जाता है और वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उधर शिक्षा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनोज तिवारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक के विरुद्ध पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं। इस कारण विभाग ने 5 सितंबर को कारण बताओ पत्र जारी किया था, लेकिन अब तक प्रधानाध्यापक द्वारा जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि अब दूसरा कारण बताओ पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय प्रधानाध्यापक और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के बीच के आपसी विवाद के कारण विद्यालय की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, और इसका बच्चों के भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

# ओजोन परत को बचाना है तो आधुनिक सुविधा का उपयोग कम करना होगा: डॉ कौशल

विश्व ओजोन दिवस पर पर्यावरणविद ने कठौतिया कोल माइंस में कार्यक्रम का उद्घाटन पौधरोपण कर किया

ओजोन परत में हुए छेद को भरना है तो लोग पर्यावरण धर्म को दिनचर्या में शामिल करना ही होगा : डॉ कौशल



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस प्रबंधन के सीएसआर ईकाई द्वारा आयोजित ओजोन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल व चियांकी अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा रोपण कर किया। चियाकी अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के काफी दिनों से पौधा लगान पर्यावरण बचाने के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ओजोन परत मे जो छेद हो गया था वह धीरे-धीरे बंद हो रहा है यह सुखद समाचार है। क्योंकि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि हमें मिट्टी, जल को भी प्रदुषित होने से बचाना होगा। पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत कन्या पूजन कर कहा कि हमें और आने वाले पीढ़ी व धरती के सभी जीवों को बचाना है, तो पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा और आधुनिक सुख सुविधा का इस्तेमाल कम से कम करना होगा। प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करें न जलाएं। ओजोन परत को हम ठीक रख पायेंगे जिससे सूरज का प्रकाश छनकर धरती पर पड़ेगा तभी हम सुखद जीवन की कामना कर सकते हैं। दूसरा कोई विकल्प नहीं है। ट्री मैन डॉ कौशल ने वनराखी मूवमेंट तहत वृक्षों पर राखी बांधकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कठौतिया कोल माइंस के सीएसआर हेड शोभारानी मोहंती ने किया। सीएसआर हेड ने कहा कि पर्यावरण को प्रदुषित होने से बचाने के लिए ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों वितरण किया गया। कठौतिया के निवासी भोजपुरी कलाकार नागेंद्र सिंह ने लोक संगीत के माध्यम से पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित थे।

## पीपरा जेआरजीबी शाखा 17 से फिर होगा शुरू : संदीप



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। पिपरा बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा में लगभग 15 दिनों से कोई भी बैंकिंग कार्य नहीं हो रहा था। जिससे खाताधारकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि सह समाजसेवी संदीप कुमार पासवान ने मंगलवार को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार से मेदिनीनगर स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की। संदीप पासवान ने पिपरा शाखा में चल रही समस्या के बारे में जानकारी दी। प्रबंधक अरुण कुमार ने बताया कि कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण शाखा में कार्य रुक गया था, जिसे अब सुलझा लिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि 17 सितम्बर 2025 से पिपरा शाखा में बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह से शुरू हो जायेंगी।


## लोक कल्याण मेला के लिए बैठक आयोजित

मधुपुर (आजाद सिपाही)। मधुपुर नगर परिषद कार्यालय कक्ष में मंगलवार को नगर परिषद अंतर्गत दीनदयाल जनआजीविका योजना संचालित है, जिसके तहत शहरी गरीब महिलाओं को महिला समूह के जरिए अनुदान एवं कम दरों पर ऋण आदि पर स्वरोजगार हेतु प्रदान किया जाता है। इसी क्रम में सरकार के निर्देशानुसार 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक लोक कल्याण मेला का आयोजन किया जाना है। बैठक में तारकनाथ पांडे,बसंती देवी, संगीता देवी, निखत प्रवीण, सोनी कुमारी शबाना परवीन, राजीव कुमार, प्रभाकर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## लंबित चालान जमा करने के लिए 24-25 सितंबर को सभी थाना क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित

देवघर (आजाद सिपाही)। देवघर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेष लकड़ा के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी है कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन करने पर निर्गत किये गये कई चालान अब तक जमा नहीं किये गये हैं। इससे राज्य सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। इसी क्रम में सभी लंबित चालानों की वसूली सुनिश्चित करने के लिए 24.09.2025 एवं 25.09.2025 को सभी थाना क्षेत्रों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए संबंधित थाना क्षेत्रों में जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। देवघर सदर, कुंडा, जसीडीह, देवीपुर, सारवां, सोनारायठाढ़ी, मोहनपुर एवं रिखिया थाना क्षेत्र हेतु पदाधिकारी के रूप में विमल किशोर सिंह, मोटरयान निरीक्षक को प्रतिनियुक्त किया गया है। सहयोगी कर्मियों में शिव कुमार राय (डीआरएसएम, सड़क सुरक्षा) एवं संजीत कुमार सिंह (कंप्यूटर ऑपरेटर, मोटरयान निरीक्षक) शामिल रहेंगे। वहीं मधुपुर, करौं, बुढ़ई, मारगोमुण्डा, पथरौल, सारठ, चितरा, खागा, पथरड्डा एवं पालोजोरी थाना क्षेत्र हेतु पदाधिकारी के रूप में अमित कुमार झा, सुभाष तिग्गा एवं प्रथम कुमार रजवार (सभी मोटरयान निरीक्षक) को प्रतिनियुक्त किया गया है। सहयोगी कर्मियों में प्रविद कुमार (आर.ए.ई., सड़क सुरक्षा) एवं अजय कुमार (आईटी असिस्टेंट, सड़क सुरक्षा) रहेंगे। जिला प्रशासन ने सभी वाहन स्वामियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथियों को अपने थाना क्षेत्र के विशेष कैम्प में उपस्थित होकर लंबित चालान जमा करें। साथ ही चेतावनी दी गयी है कि यदि चालान समय पर जमा नहीं किया गया तो विभागीय कार्रवाई की जायेगी और इसकी जिम्मेदारी वाहन स्वामी की स्वयं होगी।

## गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर अनुमंडल कार्यालय हुसैनाबाद में एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने विभिन्न राजनीतिक दल के साथ बैठक की। इस दौरान एसडीओ ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। उन्होंने बताया कि एसआईआर में इन दस्तावेजों को पुनरीक्षण करना है कि यदि मतदाता के माता पिता का नाम 2003 के मतदाता सूची में अंकित है उसे सही माना जायेगा। बिहार के अनुभवों के आधार पर विभिन्न प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गये दस्तावेज में किसी एक को सत्यापित में कोई दिक्कत नही है। उन्होंने कहा कि आधार पहचान का प्रमाण है नागरिकता का नहीं। उन्होंने फार्म 6 व फार्म 8 में आधार लेने की बात कही। वहीं पूरे विधानसभा में नये बूथ की जानकारी दिया। मौके पर राजद के वरीय नेता विनय कुमार सिंह यादव, राजद नेता सह पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, कलामुदिन खान, सुदेश्वर राम, कांग्रेस से नवल किशोर पाठक, अंबिका सिंह, लोकेश कुमार सिंह, भाजपा से अजय प्रसाद गुप्ता, बसपा से अजय कुमार भारती, झामुमो से राजेश कुमार सिंह समेत कई अन्य राजनीतिक दल के लोग बैठक में उपस्थित थे।

## कामडारा में दुर्गा पूजा की तैयारियां को लेकर बैठक



कामडारा (आजाद सिपाही)। पोकला गेट में दुर्गा पूजा समिति के गठन और दुर्गा पूजा की तैयारियां को लेकर एक बैठक हुई। जिसमे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत पोकला गेट में बीती सोमवार की रात लगभग आठ बजे के आसपास मनोज कुमार साहु के नेतृत्व पर एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें उपस्थित लोगों ने दुर्गा पूजा कमिटी पोकला गेट का गठन किया। वहीं सर्वसम्मति से लोगों ने अध्यक्ष के रुप में मनोज साहु को चुना। वहीं उपाध्यक्ष बबलू सिंह (चंदन), सचिव मनीष चौधरी और कोषाध्यक्ष अजीत ठाकुर को बनाया गया। इसके बाद बैठक में निर्णय लिया गया कि पुराने कमिटी में जो भी सदस्य थे। वह सभी सदस्य पूर्व की भांति दुर्गा पूजा को अच्छे ढंग से मनाये जाने के लिये अपनी भागीदारी निभायेंगे। इसी के साथ इस बैठक में मूर्ति बनाने, पंडाल सजावट,बाजा,पूजा खर्च सहित अन्य खर्चो का आकलन किये जाने के बाद सभी ग्रामवासियों से सहयोग करने का अपील किया गया। आयोजित इस बैठक मे नागेंद्र कुमार, शिवनारायण सिंह, युगल किशोर मिश्रा, शंकर नाग, भीष्म नारायण कुमार, अजय हरिहर, विष्णु दास, सिंकदर साहु,सकेंद्र सिंह,सुरेंद्र साहु,प्रवीण हरिहर सहित अन्य स्थानीय युवक और गणमान्य प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## जारी में हाथी भगाओ अभियान शुरू



जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड के श्रीनगर चटकपुर जोड़ा जाम मैदान में आज भारी संख्या में ग्रामीणों ने 'हाथी भगाओ अभियान' का जोरदार शुभारंभ किया गया। यह अभियान जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक एवं सीसीकरमटोली पंचायत की मुखिया फूलमैत देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान डुमरी प्रखंड, जारी प्रखंड व चैनपुर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से जारी प्रखंड में हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हाथी खेतों में घुसकर फसलें बर्बाद कर रहे हैं, घर तोड़कर अनाज खा रहे हैं और जान-माल की भारी क्षति पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने कड़ा आरोप लगाया कि वन विभाग की ओर से मात्र दो पटाका और एक टॉर्च देकर सिर्फ दिखावा किया जा रहा है, जबकि वास्तविक समस्या के समाधान हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सीसीकरमटोली पंचायत की मुखिया फूलमैत देवी ने कहा कि 2018 से हमारे क्षेत्र में हाथी विचरण कर रहे हैं। इस दौरान कई किसानों की जिंदगी बर्बाद हो चुकी है और कुछ ने अपने प्राण भी खो दिये हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि आगामी 8 दिनों के भीतर हाथी नहीं भगाये गये तो वे डीएफओ ऑफिस का घेराव करेंगे, सड़क जाम करेंगे तथा भूख हड़ताल सहित अन्य आंदोलनों का सहारा लेंगे। इस अवसर पर शेरल कुजूर, अनूप तिग्गा, अनमोल टोप्पो, प्रतिभा तिग्गा, विनोद तीर्की, मरियम एक्का सहित 30 गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिविर में 14 लोगों ने किया रक्तदान



सिसई (आजाद सिपाही)। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के लिए पहुंचे 21 लोगों में जांच के दौरान सात लोगों का हिमोग्लोबिन कम रहने के कारण 14 लोगों रक्तदान किया। जिनमें कासीम अंसारी, चरवा उरांव, मनोज राम वर्मा, विनोद कुमार साहु, प्रवीण कुमार, उदयनाथ तुरी, दीपक प्रसाद साहु, इमरोज अंसारी, आशिक अंसारी, सुभाष साहु, इमरोज आलम अंसारी, प्रदीप वारुण, साजिद अंसारी और सुमित कुमार सिंह शामिल थे। शिविर के दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव ने कहा कि रक्तदान करने से कई जरुरतमंद और इलाजरत जिन्दगियां बचायी जा सकती है। अनेकों बीमारियों और दुर्घटनाओं में घायल लोगों को रक्त की आवश्यकता होती है, देश के हर नागरिकों और विशेषकर युवाओं को जरुरतमंद लोगों के जान बचाने की इस मुहिम में बढ़ चढ़ कर आगे आने की आवश्यकता है।

# रोजगार मेला में 93 अभ्यर्थियों का चयन, 376 हुए शॉर्ट लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश के आलोक में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर गुमला के तत्वावधान में मंगलवार को नगर भवन परिसर गुमला में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। यह मेला सुबह 10 बजे से संध्या 4 बजे तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो, श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी गुमला तथा जिला नियोजन पदाधिकारी अनामिका तिर्की द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पौधा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर गुमला और झारखंड की 13 निजी कंपनियां, अन्य क्षेत्रों से 2 कंपनियां, 3 कौशल केन्द्र तथा जिला उद्योग केन्द्र एवं आरएसइटीआइ गुमला जैसे 2 सरकारी विभाग उपस्थित रहे। इस रोजगार मेला में कुल 541 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 376 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया तथा अंततः 93 युवक-युवतियां चयनित हुए। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त द्वारा 10 चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर भी प्रदान किया गया।

अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त गुमला ने कहा कि वर्तमान समय में निजी क्षेत्र में अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। जिला प्रशासन हर तीन माह पर इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार गुमला जिले में कार्य करने हेतु निजी क्षेत्र की 13 कंपनियों ने अपनी वेकेंसी उपलब्ध करायी है, जिससे स्थानीय युवाओं को गुमला में ही रोजगार प्राप्त होगा।

इस रोजगार मेला के सफल संचालन में यंग प्रोफेशनल रवि कुमार गहलोत, उव लिपिक प्रवीण सुरीन, परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, विजय लकड़ा, संदीप राम, कृष्णा राम, मंजूला लकड़ा, सीता कुमारी एवं शैलेन्द्र साहु का विशेष योगदान रहा।

## जिला और सत्र न्यायाधीश ने किया गुमला मंडल कारा का निरीक्षण



गुमला (आजाद सिपाही)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंडल कारा गुमला का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में प्रत्येक बंदियों का हाल-चाल पूछ तथा उन सब से यह जानने की कोशिश की,कि उनके केस में अधिवक्ता है या नहीं। साथ ही उनकी जमानत याचिका न्यायालय में दाखिल हुई है या नहीं। इस पर सभी बंदियों ने कहा कि उनके पास अधिवक्ता है तथा लगभग सभी बंदियों की जमानत याचिका विभिन्न न्यायालय में दाखिल है। प्रधान जिला जज ने कारा अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा डॉक्टर और कंपाउंडर को निर्देश दिया गया कि सभी कैदियों का बीपी शुगर तथा आंखों का जांच नियमित रूप से करते रहें और इलाज एवं दवाई में किसी तरह का कोई लापरवाही न बरतें तथा समय समय पर मोतियाबिंद का भी जांच किया जाना चाहिए। जिला जज के सथ, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राम कुमार लाल गुप्ता, एल एलएडीसी डीएन ओहदार, बिंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह एवं इंदु पांडे, कारापाल, लव कुश कुमार, सहायक कारापाल गौरव तथा प्रकाश पांडे उपस्थित थे।

### बिशुनपुर में अतिक्रमण हटाओ अभियानः प्रशासन ने उठाया सख्त कदम

## अतिक्रमणकारियों को तीन दिन का अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता



बिशुनपुर । प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग एवं बाजार टाड़ रोड में किए गए अतिक्रमण को हटवाया और दोबारा अतिक्रमण नहीं करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाले क्षेत्र के मरीज अतिक्रमण के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं उन्हें अस्पताल पहुंचने में मस्कट का सामना करना पड़ रहा है जो बिल्कुल ठीक नहीं है किसी भी सूरत में अतिक्रमण कर एंबुलेंस का रास्ता ना रोकें। अंचलाधिकारी शेखर वर्मा ने कहा कि सड़क एवं सरकारी व सार्वजनिक स्थल पर किया गया अतिक्रमण तीन दिन के अंदर हटा लें अन्यथा प्रशासन कार्रवाई के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण मुक्त अभियान अभी मुख्यालय में चलेगा और जिन्हें हटाया गया है वे अगर दोबारा दुकान लगते हैं तो नियम संगत कार्रवाई की जायेगी। इधर अभियान के दौरान प्रशासन की सख्ती के चलते अतिक्रमणकारी अपने सामान समेटने पर मजबूर हो गये।

### श्री सीताराम सेवा आश्रम में यज्ञशाला निर्माण का भूमि पूजन


## यह संस्कृति की आत्मा है : लक्ष्मण सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



राजधनवार। नवागढ़ चट्टी स्थित श्री सीताराम सेवा आश्रम, ठाकुरबाड़ी झलबाद में सोमवार को यज्ञशाला निर्माण हेतु भूमि पूजन का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं धनवार विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

पूजन वैदिक रीति से विशेश्वर पाण्डेय द्वारा संपन्न कराया गया। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि यज्ञशाला केवल ईंट और पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि हमारी आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यहां से निकलने वाली ऊर्जा समाज को जोड़ती है और नकारात्मकता को दूर करती है। कार्यक्रम में पूर्व मुखिया संजय कुमार, छात्रधारी वर्मा, अशोक सिंह, विजय सिंह,कपिल सिंह, उपेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। स्वामी सीतारामशरण महाराज ने कार्यक्रम को आशीर्वाद प्रदान किया और सभी को एकजुट रहने का संदेश दिया।


















# दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए चौकसी बनाये रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा को शांति एवं सदभावपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरी चौकसी बनाये रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक कर लें। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान यदि किसी शरारती तत्व द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी, तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी। कहा कि दुर्गा पूजा में किसी तरह की विधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो इसके लिए पूर्व में ही सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं दंडाधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं सजगता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। सभी थाना तैयारी के साथ-साथ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखें। सभी संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी एवं गश्ती करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद ने कहा कि आगामी त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह का अफवाह फैलाया जाता है, तो उस पर कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए या आपात स्थिति में सूचना देने के लिए जिले स्तर पर 24 घंटे कार्यरत कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981 पर अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 08987796308 पर कॉल कर सूचना को साझा किया जा सकता है।

# शिक्षा, सामाजिक और राष्ट्रीय विकास का आधार है : धीरज साहू

**राज्यपाल से मिले धीरज प्रसाद साहू, महत्पूर्ण विषयों पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** रांची से दिल्ली जाते समय एयरपोर्ट लॉज पर कांग्रेस के दिग्गज नेता सह पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू की मुलाकात झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से हुई, इस अवसर पर दोनों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, श्री साहू ने कहा कि झारखंड राज्य में सभी कॉलेज एवं विद्यालयों में अच्छी शिक्षा और बेहतर तकनीक उपलब्ध कराने हेतु हम सभी प्रयासरत है। आज शिक्षा हमारी प्राथमिकता है हमारे झारखंड जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्र में शिक्षा एक ऐसा साधन है जो हर वर्ग के लिए अपने व्यक्तिगत,सामाजिक और आर्थिक, एवं राष्ट्रीय विकास करने का आधार है, शिक्षा बेहतर रोजगार के अवसरों और सामाजिक एकता पर जोर देती हैं। सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के प्रसार, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व और दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा जैसे पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया है। उन्होंने महामहिम राज्यपाल से कहा कि आपका सहयोग निरंतर हमें मिलता रहता है आपके मार्गदर्शन से झारखंड के विकास को एक नयी दिशा मिलती है। झारखंड की महागठबंधन की सरकार लगातार राज्य के विकास हेतु प्रयास कर रही है, नयी-नयी योजनाओं से राज्य की जनता को लाभान्वित कर रही है।

# रेलवे दुर्घटना में हुई मौत, चौथे दिन शव पहुंचा गांव



**कैरो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के एडादोन निवासी फूलचंद उरांव उम्र 35 वर्ष पिता झुबलाल उरांव का शव चौथे दिन मंगलवार को उनके पैतृक आवास एडादोन पहुंचा। जिसका अंतिम संस्कार किया गया। विदित हो कि फूलचंद उरांव देहांत रेलवे दुर्घटना में 13 सितंबर को आंध्रा प्रदेश के विजयवाड़ा से आगे भिमावर्म रेलवे स्टेशन के पास हुआ था। शव को गांव लाने को लेकर परिजनों ने रविवार को सांसद सुखदेव भगत से मिलकर गुहार लगायी। सांसद के द्वारा तत्परता दिखाते हुए शव को लाने के लिए आंध्राप्रदेश के रेलवे पुलिस स्टेशन डैमोवारम के अधिकारियों से बात कर शव को गांव मंगवाया। वहीं श्रम विभाग से मिलने वाले सहायता राशि को लेकर श्रम अधीक्षक से संपर्क कर विधिसंगत कार्रवाई की बात कही है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक सवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी प्रवधान के अनुसार मिलने वाली सहोयग राशि को सांसद के प्रयास से दिलाने का प्रयास करेंगे।

# आबकारी विभाग की छापेमारी, जावा महुवा नष्ट



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आपकारी विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की सुबह सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप सरना टोली निवासी कुलदीप राम (पिता रामचन्द्र राम) के आवास पर छापेमारी टीम ने छापा मारा। विभागीय टीम के पहुंचते ही आसपास के लोग जमा हो गए और छापेमारी प्रक्रिया को देखने में व्यस्त हो गये। छापेमारी के दौरान कुलदीप राम के घर से आधा दर्जन डब्बों में रखा गया जावा महुवा बरामद किया गया। विभागीय टीम ने अवैध रूप से रखा गया यह जावा महुवा नाली में बहाकर नष्ट कर दिया। कुलदीप राम ने अपनी सफाई में अधिकारियों को बताया कि उनके घर में हाल ही में नवजात का जन्म हुआ है, इसीलिए परंपरा के तहत बड़ी संख्या में सगे संबंधी आए थे। उन्होंने यह व्यवस्था परंपरागत तौर पर की गयी बतायी। फिर भी विभागीय अधिकारियों ने कहा कि नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

# कुडू में फरार वारंटी आमोद अग्रवाल गिरफ्तार झूठे केस मामले पर न्यायालय की कार्रवाई



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना पुलिस ने मंगलवार को न्यायालय के आदेश पर फरार वारंटी कुडू बड़कीचांपी निवासी आमोद अग्रवाल को गिरफ्तार कर लोहरदगा न्यायालय में प्रस्तुत किया। फिर उसे जेल भेज दिया गया। दरअसल, गिरफ्तारी एक फरार अभियुक्त को पकड़ने की नहीं है, बल्कि अन्याय पर न्याय की जीत है। जिसने यह साबित किया कि सच्चाई देर से सही, पर अंततः जीतती है। मामला 7 सितंबर 2019 से जुड़ा है, जब आमोद अग्रवाल की साजिश और कुडू थाना पुलिस की मिलीभगत से कुडू के समाजसेवी सह व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता को आर्म्स एक्ट के झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजा गया था। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में गहरी नाराजगी और अविश्वास पैदा कर दिया था। समाजसेवी की प्रतिष्ठा धूमिल करने और उन्हें बेवजह सलाखों के पीछे भेजने की यह कोशिश इतनी गंभीर थी कि तत्कालीन समय में लोग न्याय की उम्मीद के साथ उनके परिजनों के साथ खड़े हुए। उदय कुमार गुप्ता के परिजनों ने उसी वर्ष झारखंड के पुलिस महानिरीक्षक को लिखित आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। परिजनों ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि, यह पूरा प्रकरण केवल षड्यंत्र का हिस्सा है। इसमें पुलिस और अभियुक्त के बीच मिलीभगत रही है। लंबे समय तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद जब सच्चाई सामने आयी तो पुलिस ने 31 जनवरी 2020 को लोहरदगा न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें यह साफ तौर पर लिखा गया कि दर्ज किया गया केस पूरी तरह असत्य है। न्यायालय ने तथ्यों का गहन अध्ययन करने के बाद 4 अप्रैल 2021 को उदय कुमार गुप्ता को बरी करने का आदेश दिया। इस फैसले ने न केवल गुप्ता की बेगुनाही को साबित किया बल्कि यह भी दिखाया कि किसी भी निर्दोष को झूठ और साजिश के दम पर लंबे समय तक कैद नहीं रखा जा सकता।

# 21 को लोहरदगा में स्वच्छता मैराथन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देशानुसार पूरे राज्य में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' स्वच्छतोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा 21 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से पझरी पहाड़, भंडरा से बीएस कॉलेज मैदान लोहरदगा तक भव्य 'स्वच्छता मैराथन' का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता मैराथन में जिले के आम नागरिक, सीआरपीएफ जवान, पुलिस जवान, नाइक के कर्मी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी, धावक समेत सभी वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ, सुंदर एवं हरित लोहरदगा की दिशा में एकजुट प्रयास करना है।

# अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय छात्राओं को दी गयी एल्बेंडाजोल की खुराक

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अंतर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय, लोहरदगा में अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को एल्बेंडाजोल की खुराक स्वास्थ्य विभाग की टीम की उपस्थिति में खिलायी गयी। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस प्रत्येक वर्ष दो बार आयोजित किया जाता है। इसमें एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक 1-19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर/ किशोरियों को चिकित्सकों की उपस्थिति में दी जाती है। यह दवा सभी आंगनवाड़ी केंद्रों और सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में दी जाती है। जो बच्चे अब तक यह खुराक नहीं ले सके हैं उनके लिए एक दिन फिर 19 सितंबर 2025 को मॉप-अप राउंड का आयोजन सभी आंगनवाड़ी केंद्र और सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि कृमि मुक्ति के लिए सभी को एल्बेंडाजोल की गोली दी जाती है। 1-2 वर्ष तक की उम्र के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल की आधी गोली और इससे अधिक उम्र के बच्चों/ किशोरों के लिए पूरी गोली खिलायी जाती है। इस खुराक का कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं है। कार्यक्रम में सिविल डॉ राजू कच्छप, डीपीएम नाजिश अख्तर समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम, विद्यालय की वार्डन और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिनके खुलने की नियत तिथि 06.10.2025 को 15.00 बजे है। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैः **1. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-64,** सिग्नलों की सुरक्षा के लिए सैक्रिफिशियल मास्ट के साथ-साथ अतिक्रमित सिग्नलों के समानांतर में स्पेयर सिग्नल फाउंडेशन का प्रावधान। **निविदा लागत:** रु.1,92,01,134.24, **बयाना राशि:** रु. 2,46,000/-, **2. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-65,** चक्रधरपुर मंडल के तहत बहुत पुराने हो चुके सिग्नलों एवं पॉइंट मशीनों की बदली। **निविदा लागत:** रु.2,12,69,052/-, **बयाना राशि:** रु. 2,56,400/-, **3. एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-66,** बंडामुंडा जंक्शन-राउरकेला, पानपोष-झारसुगुड़ा शाखा में टीआरआर (पी) के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा लागत:** रु.81,85,985.52, **बयाना राशि:** रु. 1,63,700/-, **कार्य समापन:** क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु 12 माह और क्रम सं. 3 हेतु 15 माह। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। **(PR-629)**



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,जिला नियोजनालय, चतरा**

**द्वितीय चरण रोजगार मेला 2025-26**

**एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला**

**रोजगार मेला स्थल : चतरा कॉलेज चतरा के नजदीक हैलीपैड ग्राउंड**

**तिथि : 20 सितम्बर 2025**

**सूचना**

दत्तोंपत ठेंगरी रोजगार योजना के अन्तर्गत राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय चतरा के तत्वावधान में **दिनांक 20.09.2025 को** एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

**रोजगार मेला से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है :-**

| Stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age Yrs | Gender | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Prestige Services | Safety | 1 | ITI (Electrical) + Diploma Fire and Safety | 21 | Male | 03 Year's Minimum | NTPC Tandwa | SW/22,000/- |
| | | C&I Engineer (DCS) | 2 | Diploma + B.Tech (EEE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 30K+35K |
| | | C&I Supervisor | 2 | Diploma + B.Tech (EEE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 30K+35K |
| | | C&I Technice (BGT) | 1 | ITI/Diploma Electrical | 25 | | 03 Year's Minimum | | SSW/SW |
| | | Electrical Engineer | 2 | Diploma + B.Tech (EE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 30K+35K |
| | | PLC Engineer | 1 | Diploma Electrical (EE/EEE) | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 25K+30K |
| | | Supervisor | 1 | ITI/Diploma Electrical | 25 | | 05-07 Year's Minimum | | 25K+30K |
| | | Technician | 1 | ITI/Diploma Electrical | 25 | | 03 Year's Minimum | | SSW/SW |
| 02 | Sai Urja Imdo Venture Ltd | Skill Worker | 2 | Graduation With Industrial Safety | 25+ | Male | 02 Yrs | NTPC, Tandwa | 20,800 |
| | | Semi Skill Worker | 1 | Graduation With Computer Knowledge | 25+ | | 01 yr | | 17,680 |
| | | Unskilled Worker | 1 | Not Requried | 18+ | | 0 | | 15,000 |
| 03 | Pranabnaman Minerals Pvt.Ltd | Tipper Driver | 30 | Driving License Of Heavy & Transport Vechile. Experience in driving in mining area | 20+ | Male | 2 Yrs | Balumath | 20K-22K Accommodation |
| | | MIS Executive | 02 | 12th | | | | Latehar, Hazaribagh, Dhanbad | 12k to 14K |
| 04 | VPR VGR PLR | Helper | 10 | ITI | 18-30 | Male | -- | Tandwa | 12K |
| | | Asst.Mech | 10 | | | | 4 Yrs | | 15K |
| | | Mechanic | 05 | | | | 8 Yrs | | 20K |
| | | Electrcian Helper | 05 | | | | -- | | 12K |
| | | Asst. Electrician | 05 | | | | 5 Yrs | | 15K |
| 05 | M/S Suraj Lal Singh | Sweeper | 02 | 10th Pass | Below 40 Yrs | Male | -- | NTPC Tandwa | 12,000 |
| 06 | CAGL | TKM | 20 | 12th Pass | 19 to 30 | Male | Only Freshers | Anywhere In Jharkhand | 12250/- CTC |
| 07 | GSA Foundation Motherson Mate | CNC/VMC Machine Operator | 100 | 10th,12th ITI, Graduate, Diploma | 18-36 | Both | If Candidates Have | Ahemdabad | 15720 to 25000 RS P.M |
| 08 | Pratham Education Foundation | Food & Beverage Service Assistant | 200 | 10th & Above | 18-35 | Male/Female | Freshers | PAN India | 8K-15K |
| 09 | Freedom Employability Academy | Teacher | 20 | Graduation | 18-45 | ANY | Not Required | Bagodar | 14500/- |
| 10 | AB INDIA SERVICES, SARAIKELA KHAR SAWAN, Adityapur | Hilti Core Cutting/Bolt Fixing Machine Operator | 10 | ITI/Diploma, (Fitter/Electrician/ Turner), All Trade | 20-45 | Male | 1 Year | Jamshedpur | 14,000/- |
| | | Data Entry operator | 25 | 10+2, DCA/ADCA | 18-45 | Male/Female | No | Work From Home | 8000/- |
| | | Computer Operator | 25 | 10+2+3 ,DCA/ADCA | 18-45 | Male/Female | No | Work From Home | 10,000/- |
| | | Tellecaller | 10 | 10+2 | 18-45 | Male/Female | No | Work From Home | 6000/- |
| | | Trainee Operator | 25 | ITI/DIPLOMA | 18-23 | Male/Female | Fresher | Jamshedpur/ Pantnagar | 11000/- |
| | | Accountant | 1 | B.com/M.com, Tally/Income tax | 20-35 | Female | 1 Year | Jamshedpur | 12000-20000/- |
| | | Mobilizer | 10 | Matric | 18-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 10000/- |
| | | Field Executive | 10 | Matric | 18-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 10000/- |
| | | Project Trainer | 02 | MBA/B.TECH | 20-40 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | Office Administrator | 01 | MBA/B.TECH, English Grammar knowledge | 20-32 | Female | 1 year | Jamshedpur | 12000-20000/- |
| | | IT Executive | 01 | B.tech-CS/IT, english Spoken | 20-32 | Female | 1 year | Jamshedpur | 12000-20000/- |
| | | Helper | 30 | Non Matric | 18-45 | Male | Fresher | (Odisha) | 12000/- |
| | | Side supervisor | 05 | Graduation | 23-45 | Male | 6 Month | Jharkhand/odisha | 12000/- |
| | | Tele Sales Executive | 10 | 10+2 | 20-35 | Male/Female | 6 Month | Work From Home | 10000/- |
| | | Running-Scott Staff | 25 | Matric | 18-45 | Male | Fresher | Odisha | 12000/- |
| | | Sales Executive | 10 | 10+2+3 | 18-45 | Male | 6 Month | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | Panchayat cordinator | 25 | 10+2+3, Intermediate | 20-45 | Male/Female | – | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | FIELD Surveyor | 15 | 10+2 | 20-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | Village Farmer Cordinator | 25 | 10+2+3 | 20-45 | Male/Female | – | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | SHOP VIDEO KYC EXECUTIVE | 20 | 10+2, Intermediate | 20-45 | Male/Female | Fresher | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | AC Coach Attendar | 50 | 10+2, Intermediate | 18-50 | Male | Fresher | PAN INDIA | 12000/- |
| | | Area Field Supervisor | 05 | 10+2+3, Graduation | 19-45 | Male/Female | Field Exp | Home District (CHATRA) | 12000/- |
| | | HR RECRUITER | 05 | M.B.A, HR-Marketing | 20-45 | Male/Female | Fresher | Work From Home | 10000/- |
| 11 | Delhi public School Tandwa | Accountant | 1 | Computer Cources | 18+ | – | 1 Yrs | DPS Tandwa | 12,000+ |
| | | Guard | 1 | Matriculation | | – | 1 Yrs | | 10,000+ |
| | | Cook | 2 | No need | | – | 1 Yrs | | 10,000+ |
| | | PRT(atl) | 4 | Graduate | | – | 2 Yrs | | 12,000+ |
| | | Computer Account/ Operator | 2 | Computer Cources | | – | 2 Yrs | | 15,000+ |
| 12 | Svatantra Microfin pvt.Ltd | SFO (Svantantra Field Officier) | 55 | Minimum 10th | 18 to 28 yrs | Male Preferred | Fresher Only | Chatra, Itkhori, jhumritelaiya | Gross Salary 12770/- per month +Incentive +Fuel +PF, EST +Medicalaim +Leave |
| 13 | Bharat Financial Inclusion Limited | SMT (Field Assistant Training) | 40 | Minimum 10th | 18-32 | Male And Female | May apply | Hazaribagh, Koderma, Chatra | 12000 to 15000 |
| | | CRO (Collection) | 30 | | | | | | 12000 to 15000 |
| 14 | Arctic Industries | ITI (Fitter & Electrician) | 40 | 10th,12th ITI | 18-35 | Male/Female | NO | All Over Jharkhand | 16,000 |
| | | R.O. Technician | 45 | 10th,12th ITI | | | NO | | 16,000 |
| | | CCTV Technician | 40 | 10th,12th ITI | | | NO | | 16,000 |
| | | Accountant | 05 | Graduation (B.COM) | | | 1 Year | | 17,300 |
| | | Computer Op./ Technician | 10 | 12th DCA/ADCA/FTCP | | | 6 Months | | 15,000 |
| | | Tele Caller | 35 | 10th,12th | | | NO | | 9,000 |
| 15 | Belrise Indstries Limited | NAPS Training | 200 | 10th Pass | 18-26 | Male | Freshers | Sambhaji Nagar, Aurangabad, Maharastra | 17,250/- |
| | | | | 12th Pass | | | | | 18,688/- |
| | | | | I.T.I Pass | | | | | 19,406/- |
| | | | | Diploma | | | | | 21,563/- |
| 16 | Virson Security & Facility Services PVT.LTD | Security Guard | 50 | 10th | 18 Yrs To 45 Yrs | Male | No | All Jharkhand | 10K to 12K |
| | | Security Supervisor | 10 | B.A | 21yrs to 45 Yrs | | Yes | | 12K to 15K |
| | | Gunman | 10 | 12th | 21Yrs to 45 Yrs | | Yes | | 18K to 23K |
| 17 | Universal Sompo GIC Ltd | Advisor | 100 | Min 10th Pass | Min 18 Yrs | M/F | Freshers | Anywhere | Comission |
| 18 | Aadhya HR Solutions Pvt Ltd | | | | | | | | |
| A | NAHARS ENGINEERING IND LTD | Asst- Junior Technician | 200 | ITI ( Fresher's) | 18 to 45 | Male/Female | Freshers | Bengaluru Narsapura | 21,500/- |
| B | Zepto India Ltd | COLD STORAGE (Pickers & Packers) | 200 | 5th, 7th, 10th ,12th, Any Degree | 18 to 40 | Male | Freshers | Bengaluru Nelamagala | 19,549/- |
| C | Shivam Auto Tech | CNC & VMC Operators | 100 | 10th, 12th Any Degree | 18 to 45 | Male/Female | Freshers | Bengaluru Vemgal | 21,500/- |
| D | NAHARS ENGINEERING IND LTD | Welders ( Co2 /MIG Welders) | 100 | 5th, 7th, 10th ,12th, ITI, Diploma, etc | 18 to 45 | Male/Female | Freshers | Bengaluru Narsapura | 23,500/- |
| E | TBEA Pvt Ltd | Fork Lift Operators | 50 | No need | 18 to 45 | Male | Freshers | Bengaluru Bidadi | 21,188/- |
| F | Chaitra Irrigation | Helpers | 120 | No need | 18 to 45 | Male | Freshers | Bengaluru Bellur Cross | 20,000/- |
| 19 | M/S Sri Ganpati Dona Plate loga Wodha | Helper | 06 | Non Matric | 18+ | Female | Non | Chatra | 7500/- |
| | | Driver | 01 | Matric | 18+ | Male | 1 Year | | 9000/- |
| | | Flour Mile Operator | 01 | Matric + Inter | 18+ | Male | 2 Years | | 15000/- |

अतः योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटवर्ती नियोजनालय में निबंधन कराते हुए उक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने बायोडाटा एवं सभी प्रमाण पत्रों यथा- शैक्षणिक, तकनिकी योग्यता, अनुभव, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, नियोजनालय का वैद्ध निबंधन कार्ड की मूल एवं छाया प्रति तथा अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि (20 सितम्बर 2025) को **पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन् 04.00 बजे तक** मेला स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित है, उन्हें इस रोजगार मेला के लिए दुबारा निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

अतः साक्षात्कार एवं रिक्ती संबंधी सेवा शर्तो के लिए वे सीधे उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है। चयन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया में नियोजनालय की कोई भूमिका नहीं है। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकते है।

**नोट :- विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।**

**PR 362102 Labour Employment and Traning(25-26).D**

**जिला नियोजन पदाधिकारी**
**जिला नियोजनालय, चतरा**

# विश्वकर्मा पूजा आज : जिला मुख्यालय के कल्याणपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**रात में होगा भव्य भक्ति जागरण : सुरेंद्र विश्वकर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के नेतृत्व में बुधवार को गढ़वा जिला स्तरीय भव्य विश्वकर्मा पूजा समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष समाज का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय के गौरा टीकर (कल्याणपुर) में किया जा रहा है, जहां भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना तथा रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा।



**सृष्टि के रचयिता हैं भगवान विश्वकर्मा :** सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा भगवान विश्वकर्मा ही सृष्टि के रचयिता हैं जिसका वर्णन सभी धर्म ग्रंथो में मिलता है। विश्वकर्मा पूजा के दिन सभी शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक अपने औजारों, कल कारखानों की साफ सफाई कर अपने आराध्य भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करते हैं।

सुरेंद्र विश्वकर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर 17 सितंबर की रात्रि 9 बजे से भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गोरखपुर के भोजपुरी सम्राट शेरा लोहार और बक्सर की प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका निक्की राज एवं दोनों की टीम के कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुत की जायेगी।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा का कार्यक्रम आज से

गढ़वा । भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे आगामी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अनेकों कार्यक्रम का आयोजन गढ़वा में किया जायेगा। जिसमें छात्रों के बिच पाठ्य सामग्री का वितरण किया जायेगा।

## आरके पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर




मंझिआंव (आजाद सिपाही)। आर.के. पब्लिक स्कूल, मंझिआंव में छात्रों और कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम का समापन हुआ। रेफरल अस्पताल, मंझिआंव से आए एक चिकित्सा दल ने 295 छात्रों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के तरीके बताये। टीम ने छात्रों को आंखों की बीमारियों, मोटापा, मधुमेह, हृदय संबंधी समस्याओं आदि से बचाव के उपाय सुझाए। चिकित्सा दल में डॉ. विशाल कुमार मिश्रा, डॉ. वी.पी. सिंह, नेत्र सहायक श्रीमती सरोज कुमारी, एएनएम मंजू कुमारी और सी.एच.ओ. श्री राम किशोर शामिल थे। स्कूल के निदेशक, प्रसिद्ध शिक्षाविद् और लोकप्रिय समाजसेवी श्री अलख नाथ पांडे ने इस नेक काम के लिए चिकित्सा दल भेजने हेतु रेफरल अस्पताल, मंझिआंव के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद सेठ का आभार व्यक्त किया।

## डंडई : सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, मेराल प्रमुख दीपमाला ने बैठक में उठाया मुद्दा



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड मुख्यालय के अंबेडकर चौक स्थित जल संसाधन विभाग की 1 एकड़ 33 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जे का मामला अब जिला स्तर पर गूंज उठा है। सोमवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में मेराल प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा। दीपमाला कुमारी ने कहा कि उक्त भूमि पर कुछ लोगों ने दुकानें बनाकर अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने मांग की कि इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर व्यवसायिक दुकानें और पार्क का निर्माण कराया जाये। दीपमाला ने तर्क दिया कि इस तरह का निर्माण प्रखंड में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और सरकार को भी राजस्व की आय होगी। इधर, ग्रामीणों ने दीपमाला की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम पूरी तरह जनहित से जुड़ा है। उनका कहना है कि विभागीय लापरवाही के कारण यह जमीन अब तक कब्जे से मुक्त नहीं हो सकी है। लोगों ने कहा कि दीप माला ने अपने मायके डंडई प्रखंड की समस्या को जिला स्तर पर उठाकर यह साबित किया है कि वह सिर्फ मेराल प्रखंड की प्रमुख ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनप्रतिनिधि भी हैं।






























आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 17 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in
13

NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA
NETARHAT
P.O- NETARHAT, VIA-GUMLA, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under Societies Reg. Act 1860, Ministry of School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
E-mail:principal.netarhat@gmail.com Website:www.netarhatvidyalaya.com

NOTICE INVITING TENDER
Tender No.262 Dated - 15.09.2025

Sealed Tenders/Quotations are invited from reputed Suppliers /Publishers/Authorized Distributors/Authorized Dealers for the Supply of different kinds of News Papers, Magazines, and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply of different kinds of News Papers, Magazines and Circulars for the Library at Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Supply of News Papers, Magazines ,Circulars on weekly, fortnight, monthly and quarterly basis . (Hindi & English) |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat, P.O - Netarhat, Via-Gumla, District-Latehar.(JHARKHAND) PIN-835 218. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 15.09.2025 10 A.M |
| 5 | Last Date and Time for receipt of Bids | 03.10.2025 at 11 A.M |
| 6 | Date of Opening of the Tender | 03.10.2025 at 11.30 A.M |

Further details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Aawasiya Vidyalaya, Netarhat

PR.NO.362089 Human Resource Developement(25-26):D

# धनबाद वासेपुर में हुई छापेमारी, नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के वासेपुर इलाके में मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आतंकी फंडिंग से जुड़े एक बड़े मामले में छापेमारी की। उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम भी इस कार्रवाई में शामिल रही। छापेमारी का मुख्य निशाना नूरी मस्जिद के पास रहने वाले जमीन कारोबारी और गोविंदपुर प्रज्ञा केंद्र के संचालक शाहबाज अंसारी उर्फ शाहबाज अंसारी का घर था। एनआइए की टीम ने उनके आवास की बारीकी से तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की पुष्टि हुई है। नकदी की गिनती के लिए धनबाद पुलिस ने नोट गिनने की मशीनों के साथ मौके पर पहुंचकर सहयोग किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग के आरोपों पर आधारित है। शाहबाज अंसारी पर आतंकी संगठनों से जुड़े फंड्स को जमीन खरीद-बिक्री के जरिए सफेद करने का शक है। एनआइए को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन अंजाम दिया गया, जिसमें दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और बैंक रिकॉर्ड जब्त किये गये। यूपी एटीएस की भागीदारी से संकेत मिलता है कि मामला अंतरराज्यीय टेरर नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसमें पाकिस्तान समर्थित संगठनों का हाथ होने की आशंका जतायी जा रही है.मौके पर भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गयी है। यूपी पुलिस, जिला पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीमें शाहबाज के घर के आसपास डेरा डाले हुए हैं। छापेमारी के दौरान इलाके में तनाव का माहौल रहा, लेकिन किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट नहीं है। एनआइए के प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी से कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है। शाहबाज अंसारी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, और उनके परिजनों से भी बयान दर्ज किए जा रहे हैं। यह घटना वासेपुर के संवेदनशील इतिहास को फिर से उजागर करती है। मात्र तीन महीने पहले, अप्रैल 2025 में झारखंड एटीएस ने वासेपुर सहित धनबाद के कई इलाकों में छापेमारी की थी। उस ऑपरेशन में पाकिस्तानी आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन और द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें युसुफ, कौसर, गुलफाम, अयान, शहजाद और शबनम शामिल थे( यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले (अप्रैल 2025) से जुड़ी थी, जिसमें 26 पर्यटकों की हत्या हुई थी।

## डीसी की पहल पर बैंक ने ग्राहक को लौटाया वाहन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इसी क्रम में चास निवासी मोनिका विश्वकर्मा ने जनता दरबार में अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण वाहन की किस्तें समय पर जमा नहीं हो पाई थीं, जिसके कारण बैंक ने वाहन जब्त कर लिया। इस मामले को उपायुक्त ने गंभीरता से लिया। उन्होंने मौके पर ही जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी एलडीएम आबिद हुसैन को जरूरी दिशा निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने इंडसइंड बैंक के प्रतिनिधियों से वार्ता की। कुछ घंटों में ही मानवीय आधार पर बैंक ने वाहन की चाभी मोनिका विश्वकर्मा को लौटाने का निर्णय लिया।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा, (खेल शाखा)

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा निकाले आम सूचना के PR. NO-361807 Lohardaga(25-26) D में चयन एवं पंजीकरण का स्थान बी0 एस0 कॉलेज लोहरदगा एवं मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज के स्थान पर +2 नदिया उच्च विधालय, मिनी स्टेडियम, लोहरदगा समझा जाय, तथा पंजीकरण की तिथि एवं ट्रायल का समय 18.0.09.2025 एवं 19.09.2025 के स्थान पर 18.09.2025 पढ़ा जाय। दिशा निर्देश का क्रमांक 2 में सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए। के स्थान पर सेन्टर ऑफ एक्सेलेन्स हेतु प्रतिभागी खिलाड़ियों की आयुसीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होना चाहिए। व राष्ट्रीय स्तरीय पर भागीदारी/राज्य स्तर के प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त हो।

शेष यथावत रहेंगें।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 362142 Lohardaga(25-26)#D

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(भू-अर्जन शाखा), प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

चुँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-जमबुआ, थाना-दारु, थाना-सं0-114, अंचल-दारु, जिला-हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ईचाक-झुमरा पथ का चौड़ीकरण/मजबुतीकरण कार्य (कुल लम्बाई 9.3 कि0मी0) हेतु अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है। कि ग्राम-जमबुआ, थाना-दारु, थाना-सं0-114, अंचल-दारु, जिला-हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.257 एकड़ यानि 0.50870 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है, जो निम्नवत है:-

| क0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 7 | 2 | निजी | टांड-III | 0.052 | चेतलाल प्रसाद मेहता, ईश्वर हीरण महतो ताकेश्वर प्रेसाद मेहता पिता लालजी महतो नि0 जमुआ | प्लॉट नं0 1 | रास्ता | नीज | सीमाना |
| 2 | 2 | 3 | निजी | टांड-III | 0.023 | अर्जुन महतो पिता सा0 मंगुरा पो करियातपुर थाना ईचाक जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 2 | रास्ता | नीज | 139 |
| 3 | 12 | 139 | निजी | टांड-III | 0.132 | विदेशी महतो पिता गजु महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 3 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 145/1 |
| 4 | 16 | 145/1 | निजी | टांड-III | 0.033 | बसंत सिंह पिता स्व0 नथु सिंह ग्राम जमुआ पो0 करियातपुर | प्लॉट नं0 139 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 145/2 |
| 5 | 16 | 145/2 | निजी | टांड-III | 0.032 | अशोक सिंह वो रंजीत सिंह पिता स्व0 जयनन्द सिंह वो आनन्द सिंह, पवन सिंह पिता स्व0 प्रमोद सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियातपुर | प्लॉट नं0 145/1 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 146 |
| 6 | 16 | 146 | निजी | टांड-III | 0.041 | देवलाल सिंह वो जिवलाल सिंह मृत बसंत नाारायण सिंह पिता स्व0 नथु सिंह नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 145/2 | रास्ता | नीज | प्लॉट नं0 147 |
| 7 | 20 | 147 | निजी | टांड-III | 0.040 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्याता सिंह | प्लॉट नं0 146 | प्लॉट नं0 149 | नीज | रास्ता |
| 8 | 23 | 149 | निजी | टांड-III | 0.035 | राघो महतो पिता ....... नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर थाना ईचाक जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 147 | प्लॉट नं0 150 | नीज | रास्ता |
| 9 | 20 | 150 | निजी | टांड-III | 0.040 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्याता सिंह | प्लॉट नं0 149 | प्लॉट नं0 151 | नीज | रास्ता |
| 10 | 32 | 152 | निजी | टांड-III | 0.024 | हरसहाय सिंह मृत राम सेवक पिता विश्वनाथ सिंह वो सुरेन्दर सिंह पिता कमख्या नारायण सिंह नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 150 | प्लॉट नं0 153 | नीज | रास्ता |
| 11 | 23 | 153 | निजी | टांड-III | 0.055 | राघो महतो पिता मनी महतो वो नथु महतो पिता उदीप महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | प्लॉट नं0 152 | प्लॉट नं0 155/1 | नीज | रास्ता |
| 12 | 2 | 154/1 | निजी | टांड-III | 0.08 | लोलो महतो पिता फुलचंद महतो वो भेखलाल महतो पिता पोखन महतो इन्दर महतो पिता स्व0 फुलचंद महतो सुरेश प्रसाद पिता दखन महतो सा0 कनौदी पो0 करियातपुर थाना ईचाक जिला ह0बाग | प्लॉट नं0 153 | प्लॉट नं0 154/2 | नीज | रास्ता |
| 13 | 2 | 154/2 | निजी | टांड-III | 0.04 | नगीया देवी पति इन्दर महतो सा0 कनौदी पो0 करियातपुर थाना ईचाक जिला ह0बाग | प्लॉट नं0 154/1 | प्लॉट नं0 154/3 | नीज | रास्ता |
| 14 | 2 | 154/3 | निजी | टांड-III | 0.04 | निरंजन सिंह, उमेश सिंह पिता स्व0 कमल सिंह सन्तु सिंह पिता स्व0 छेदी सिंह, मोहित कुमार सिंह पिता शिवकुमार सिंह | प्लॉट नं0 154/2 | प्लॉट नं0 156 | नीज | रास्ता |
| 15 | 16 | 156 | निजी | टांड-III | 0.070 | रामनरेश सिंह पिता स्व0 नथु सिंह , अशोक सिंह पिता जयनन्द सिंह वो आनन्द सिंह पिता प्रमोद सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियापुर | प्लॉट नं0 154 | रास्ता | प्लॉट नं0 157 | रास्ता |
| 16 | 26 | 157 | निजी | टांड-III | 0.021 | नागो महतो पिता केदार महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 158 | प्लॉट नं0 156 |
| 17 | 16 | 158 | निजी | टांड-III | 0.022 | अशोक सिंह पिता स्व0 जयनन्द सिंह वो आनन्द सिंह पिता प्रमोद सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियातपुर | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 160 | प्लॉट नं0 157 |
| 18 | 20 | 159 | निजी | टांड-III | 0.032 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्या सिंह | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 161 | प्लॉट नं0 158 |
| 19 | 26 | 160 | निजी | टांड-III | 0.025 | धनु महतो पिता स्व0 बजन महतो नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 161 | प्लॉट नं0 159 |
| 20 | 12 | 161 | निजी | टांड-III | 0.210 | जयनार्धन सिंह पिता स्व0 चन्द्रिका सिंह जितेन्द्र सिंह पिता स्व0 भगवत सिंह, रणविजय सिंह पिता स्व0 विदेशी सिंह नि0 जमुआ | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 172 | प्लॉट नं0 161 |
| 21 | 7 | 172 | निजी | टांड-III | 0.105 | निरंजन सिंह, उमेश सिंह पिता स्व0 कमल सिंह अन्जु सिंह पति स्व0 शिव सिंह वो मोहित सिंह वो सुनिल सिंह पिता स्व0 छेदी सिंह ग्राम जमबुआ पो0 करियातपुर थाना दारु हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 174/1 | प्लॉट नं0 161 |
| 22 | 20 | 174/1 | निजी | टांड-III | 0.018 | विनय सिंह वो संजय सिंह पिता स्व0 अर्जुन सिंह रामसेवक सिंह बाबु कृष्णा सिंह बाबु अनुज सिंह, मनोज सिंह पिता विश्वनाथ सिंह सुरेन्द्र सिंह पिता स्व0 कमख्याता सिंह | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 161 | प्लॉट नं0 172/2 |
| 23 | 20 | 174/2 | निजी | टांड-III | 0.017 | ईश्वर दयाल सिंह पिता नथु सिंह ग्राम जमुबआ पो0 करियातपुर थाना दारु हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 172/1 | प्लॉट नं0 175/1 |
| 24 | 26 | 175/1 | निजी | टांड-III | 0.010 | बासुदेव सिंह पिता स्व0 रामकेशवर सिंह ग्राम जमुआ, करियातपुर | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 172/2 | प्लॉट नं0 175/2 |
| 25 | 26 | 175/2 | निजी | टांड-III | 0.010 | ईश्वर दयाल सिंह पिता नथु सिंह ग्राम जमुबआ पो0 करियातपुर थाना दारु हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 175/1 | प्लॉट नं0 176 |
| 26 | | 176 | निजी | टांड-III | 0.050 | देवलाल सिंह मृत ईश्वर दयाल सिंह पिता स्व0 नथु सिंह नि0 जमुआरी पो0 करियातपुर जिला हजारीबाग | नीज | रास्ता | प्लॉट नं0 175/2 | सिमाना |
| कुल | | | | | 1.257 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय के किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए , अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी .............................. को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 361974 Land Reforms(25-26)#D

## फायरब्रिक्स के नौ और फिटरलाइन के चार घरों से पांच लाख की चोरी

**चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)।** 'तू डाल डाल तो मैं पात पात' चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती दी है। अभी कुमारधुबीओपी क्षेत्र के बागानधौड़ा का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि चोरों ने कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के ही शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के फायरब्रिक्स के नौ घरों में बीते चोरी की घटना को अंजाम दे डाली। सभी घर में ताले बंद थे। कोई सामने के घर में सो रहा था तों कोई स्वजनों के घर में सोये हुए थे। इसके अलावा कुमारधुबी ओपी से महज 20 से 25 मीटर की दूरी पर फिटर लाइन में भी चोरी ने चार घरों का ताला तोड़ चोर घर में घुसे परंतु कुछ नहीं मिलने पर वापस चला गया। सिर्फ एक घर का कुछ सामान चोरी हुआ है। घटना की सुचना मिलते ही कुमारधुबी ओपी प्रभारी मैथ्यु एक्का पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली तथा आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुट गये है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ित राम सिंह ने बताया की पास में भाई के घर में सोये हुए थे। सुबह करीब पांच बजे जब मां घर आयी तो देखी की दरवाजे का ताला, आलमीरा टुटा हुआ है तथा घर का सारा सामान बिखरा हुआ है। आकर देखे तों हमलोगों का होश ही उड़ गया। सारे जेवरात कान का झुमका, मांग टिका, चैन, पायल, नगद सहित लगभग ढाई से तीन का चोरी हो गया है। वही शिवपुजन सिंह ने कहा की वे सामने के घर में सोये हुए थे। सुबह साढ़े चार बजे आये तों देखे की दरवाजा का ताला टुटा हुआ है तथा घर में रखा नगद दस हजार, कान की बाली सब मिलाकर लगभग एक से सवा लाख की चोरी हो गया है। वही उमेश चौधरी का कहना है की फायरब्रिक्स में इस तरह की चोरी कभी नहीं हुई थी। यह पहली घटना है। कुमारधुबी क्षेत्र के लिए इस तरह की दूसरी घटना है।

## अपराध और अपराधियों पर लगाम कसेगा बाइक पेट्रोल रक्षक राइडर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने को लेकर जिला कप्तान ने बाइक पेट्रोल रक्षक राइडर्स की शुरूआत की है। बोकारो के सिटी थाना समीप जिला कप्तान ने 50 बाइक पेट्रोल रक्षक राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह विशेष बाइक पेट्रोलिंग दस्ता बोकारो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी गश्त, त्वरित प्रतिक्रिया तथा अपराध नियंत्रण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कार्य करेगा। जिला कप्तान हरविंदर सिंह ने बाइक पेट्रोलिंग को एक नया नाम दिया है रक्षक राइडर्स। यह राइडर्स सुचना पर त्वरित उपस्थिति होंगे और जन-सुरक्षा में सक्रियता और अपराध पर नियंत्रण की दिशा में एक नयी पहचान दिलायेंगे। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की माने तो यह पहल जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, गश्त को तेज करने तथा जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने में सहायक होगी। साथ ही, रक्षक राइडर्स का यह दस्ता आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों के साथ अपराधियों और अपराध पर प्रभावी कार्रवाई करेगा।

## सेल की 53वीं वार्षिक आम बैठक




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चिन्मया मिशन, नई दिल्ली में अपनी 53वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की, जहां सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया और वैश्विक चुनौतियों के बीच कंपनी के मजबूत प्रदर्शन और भविष्य के विकास के लिए इसके रणनीतिक रोडमैप को रेखांकित किया। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए, श्री प्रकाश ने कहा कि इस्पात को अक्सर आधुनिक सभ्यता की रीढ़ कहा जाता है - मजबूत, लचीला और टिकाउ। इस्पात की तरह, हमारी कंपनी भी अग्नि-परीक्षा से गुजरी है, चुनौतियों से आकार लेती रही है और अनुभव से मजबूत हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेल 2047 तक विकसित भारत की ओर भारत की विकास यात्रा में एक साक्षी और एक भागीदार, दोनों के रूप में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने बुनियादी ढांचा, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा आदि सहित विविध क्षेत्रों के लिए इस्पात आपूर्ति करते हुए राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराया। उन्होंने कहा, रसेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के मार्गदर्शन में, कंपनी ने अपनी यात्रा के अगले चरण की शुरूआत कर दी है, जहां आगामी परियोजनाएं शुरू से ही हरित प्रौद्योगिकियों, कुशल लॉजिस्टिक्स और ग्राहक-केंद्रित समाधानों को एकीकृत करेंगी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दोहराते हुआ कहा सेल ने विभिन्न क्षेत्रों, जैसे अवसंरचना, रेलवे, रक्षा, ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों के लिए इस्पात की आपूर्ति करता रहा है।

समाहरणालय, लातेहार
(स्थापना शाखा)

आवश्यक सूचना

जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार अन्तर्गत संविदा/ अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2025(DHS) के तहत् दिनांक 07.09.2025 को District CM School of Excellence, Latehar में आयोजित लिखित परीक्षा एवं शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तअंक के आधार पर तैयार की गई मेधा सूची (Merit List) को जिला के अधिकृत वेबसाईट-latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है,जिसे अवलोकन किया जा सकता है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 362060 (District) 25-26 (D)

सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो
आम सूचना

सम्पदा न्यायालय, बोकारो इस्पात संयंत्र, बोकारो द्वारा पारित आदेशों के आलोक में संदर्भित बेदखली आदेशों (Eviction Orders) के तहत अनाधिकृत दखलकारों को सूचित किया जाता है कि अनाधिकृत प्लॉट/भूमि एव आवासों को शीघ्र खाली कर अपने बकाये राशि का भुगतान कर दें, अन्यथा इन्हें बेदखली प्रक्रिया के तहत हटा दिया जाएगा और किसी भी तरह की क्षति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। अनधिकृत प्लॉट/भूमि एवं आवासो को खाली कराने का कार्य दिनांक 18.09.2025 से प्रारम्भ होगा।

आदेशानुसार
सम्पदा पदाधिकारी
बोकारो स्टील सिटी

दिनांक:-16.09.2025

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा।
धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान
"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148 दिनांक 29.01.2025 के आलोक में चतरा जिला के जनजातीय समुदाय के संदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना-प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"**-नई योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 के लिए प्रारंभ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिशरण के माध्यम से बुनियाँदी ढ़ाचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्त्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पना की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्द्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान **"(Dharti Aaba janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan – DAJGUA)"** अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स (Components) का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत जनजातीय लाभुक जनित योजना जिसमें Community Forest Resourse (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये है, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत (केन्द्रांश 60% राज्यांश 40%) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुक के चयन का प्रक्रिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्द्देश्य से चतरा जिला के 05 प्रखडों के कुल 18 गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्ही गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। आवेदन जमा करने का अंतिम तिथि 27.09.2025 तक निर्धारित है। आवेदन के साथ दस्तावेजों की सूची (आवश्यकता अनुसार) जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजना निम्नांकित है :-

| क0. सं0 | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू0 में) | लक्ष्य | राशि भूगतान की विवरणी (लाख रू0 में) 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल (मत्स्य विपणन) | सं0 में | 0.75 | 01 | 0.675 | 0.075 |

चतरा जिला के चिन्हित गाँवों की सूचि निम्नलिखित है, जहाँ से अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषकों से आवेदन आमंत्रित है :-

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्हाचट्टी | बेंगोकला | केन्दुआसाहोर | |
| 2 | मयुरहण्ड | करमा | करमा | |
| 3 | पत्थलगड्डा | मेराल | जोरी | |
| 4 | पत्थलगड्डा | मेराल | मेराल | |
| 5 | सिमरिया | बगरा | हफुआ | |
| 6 | सिमरिया | जाँगी | कोरी | |
| 7 | सिमरिया | पीरी | सोंस | |
| 8 | सिमरिया | चोपे | बड़गॉव | |
| 9 | टण्डवा | पोकला अलियास कासिडीह | उड़सु | |
| 10 | टण्डवा | नावाडीह अलियास तेलियाडीह | सिदपा | |
| 11 | टण्डवा | बड़गॉव | उलातु अलियाससेमरत्नार | |
| 12 | टण्डवा | डहु | बानपुर | |
| 13 | टण्डवा | बहेरा | कान्धार | |
| 14 | टण्डवा | बहेरा | कारो | |
| 15 | टण्डवा | कल्याणपुर | मांडर | |
| 16 | टण्डवा | कल्याणपुर | कल्याणपुर | |
| 17 | टण्डवा | राहम | लारंगा | |
| 18 | टण्डवा | बेंती | कुटकी | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, चतरा।

PR 362112 Fish(25-26)D




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**